CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पाश्चात्य संगीत परिभाषा कोश

8-5

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भदैनी, काशी
वाराणसी-5

ग्रन्थालय
, वाराणसी-५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रेमलता शर्मा
निजी प्रति
8/12/86

पाश्चात्य संगीत परिभाषा कोश

सादर भेंट
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
शिक्षा मंत्रालय की ओर से

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार
1986

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पी. ई. डी. 569

1100–1984 (डी. एस. के. 2)

आम्नाय-ग्रन्थालय,
सरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

© भारत सरकार, 1986

मूल्य : देश में : रु० 28.55
विदेश में : £ 3.33 $ 10.28

प्रकाशक : वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

मुद्रक : भारत सरकार मुद्रणालय, फरीदाबाद ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

विषय-सूची

	पृष्ठ
संपादन परामर्श मंडल	iv
परिभाषा कोश के कार्य से संबंधित अधिकारी तथा स्टाफ	v
मुद्रण तथा प्रकाशन अनुभाग	vi
भूमिका	vii
संगीत परिभाषा कोश	1
हिंदी-अंग्रेजी पर्याय सूची	77

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संपादन परामर्श मंडल

1. डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन
   अतिरिक्त सचिव,
   मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
   भारत सरकार,
   नई दिल्ली।

2. प्रो० नारायण मेनन
   निदेशक,
   नेशनल सेंटर फॉर पर्फोमिंग आर्ट्स,
   बम्बई।

3. प्रो० प्रेमलता शर्मा
   संगीतशास्त्र विभाग,
   काशी हिंदू विश्वविद्यालय,
   वाराणसी।

4. श्री एस० एन० गुलाटी
   प्रधान संगीतज्ञ (सेवानिवृत्त),
   अशोक होटल, नई दिल्ली।

5. डा० शत्रुघ्न शुक्ल
   संगीत एवं कला संकाय,
   दिल्ली विश्वविद्यालय,
   दिल्ली।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिभाषा कोश कार्य से संबंधित अधिकारी तथा स्टाफ

1.	श्री दयानन्द पंत	उप निदेशक (सेवानिवृत्त)
2.	डा० एन० के० व्यास	प्रधान सम्पादक
3.	श्री भवानीदत्त पंड्या	उप निदेशक
4.	श्री देवेन्द्र दत्त नौटियाल	उप निदेशक
5.	श्री योगन्द्र मोहन गुप्त	सहायक निदेशक
6.	श्री रामलप पाण्डेय	सहायक निदेशक
7.	श्रीमती सुदर्शन अरोड़ा	अनुसंधान सहायक
8.	श्री अजीतलाल गुलाटी	अनुसंधान सहायक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुद्रण तथा प्रकाशन अनुभाग

1. डा० बाल कृष्ण सिन्हा	सहायक शिक्षा अधिकारी
2. श्री अरविन्द आशधीर	अनुसंधान सहायक
3. श्री आलोक वाही	कलाकार
4. श्री रामफूल	लिपिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

स्वतंत्रता प्राप्ति के तत्काल बाद सर्वत्र यह मांग की जाने लगी कि अब यथासंभव सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी के स्थान पर भारतीय भाषा होनी चाहिए। इसके लिए प्रचुर साहित्य-सृजन की आवश्यकता थी जो यथेष्ठ वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली का निर्माण किये बगैर संभव नहीं था। इसी बात को ध्यान में रख कर शिक्षा मंत्रालय ने 1952 में शब्दावली निर्माण का काम हाथ में लिया था। हमारे सामने ध्येय यही था कि विविध स्तरों पर अध्ययन-अध्यापन के दौरान अंग्रेजी के जिन पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग होता है उनके भारतीय पर्याय सुलभ किये जाएं। अतः विविध विषयों के अंग्रेजी ग्रंथों और परिभाषा कोशों से शब्द संकलित किये गए और पर्याय निर्माण के बाद उन्हें अंग्रेजी-हिंदी क्रम में प्रकाशित किया गया। इस प्रकार शब्दावली निर्माण का समस्त कार्य अंग्रेजी के प्रामाणिक पारिभाषिक शब्दों के ऐसे पर्याय निश्चित करने से संबंधित रहा जिनका प्रयोग हिन्दी तथा अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं में किया जा सके।

इसी क्रम में संगीत पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण का काम भी हाथ में लिया गया और इसके लिए भी शब्दों का चयन अंग्रेजी के प्रामाणिक संगीत परिभाषा कोशों से किया गया। स्वभावतः ये सभी शब्द पाश्चात्य संगीत के थे। यहां भी ध्येय यही था कि जब भी विश्वविद्यालय स्तर पर संगीत की शिक्षा देते समय पाश्चात्य संगीत का ज्ञान हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के माध्यम से कराना अपेक्षित हो तो ग्रंथकारों तथा अध्यापकों को पारिभाषिक शब्दावली का अभाव महसूस न हो। इस योजना के अन्तर्गत भारतीय संगीत के पारिभाषिक शब्दों को सम्मिलित करने की आवश्यकता इसलिए अनुभव नहीं की गई कि वे पहले से ही संगीतशास्त्र के प्रामाणिक ग्रंथों में व्यवहृत होते आ रहे हैं और अपने निश्चित अर्थों में संगीतशास्त्रों और संगीत के अध्यापकों-विद्यार्थियों तथा संगीत प्रेमियों के बीच जाने जाते हैं।

इस प्रकार शब्दावली आयोग ने पाश्चात्य संगीत के लगभग 500 पारिभाषिक शब्दों को चुना जिनके पर्याय 1972 में प्रो० रातंजनकर की अध्यक्षता में संगीतशास्त्र के विद्वानों की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा बम्बई में आयोजित एक संगोष्ठी में अनुमोदित किये गये। पर्याय निश्चित करते समय इस बात पर बराबर ध्यान रखा गया कि जहां कोई पाश्चात्य संकल्पना बिल्कुल उसी भाव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की बोधक थी जिसके लिए हमारे संगीतशास्त्र का कोई पुराना शब्द पहले से प्रचलित था, वहां हमने उस शब्द को ही ग्रहण किया भारतीय संगीत की दुनिया में आम तौर पर प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों और अभिव्यक्तियों को भी इसी प्रकार ग्रहण किया गया, उदाहरणार्थ :

मुक्ताय	cadence, close
लय	tempo
तीव्र	sharp
तुत्कार	tonguing
उपज	improvisation

आगे चल कर जब विविध विषयों के परिभाषा कोशों के प्रणयन का काम हाथ में लिया गया तो संगीत के इन पारिभाषिक शब्दों की परिभाषाएं तैयार करने का भी निर्णय किया गया। ये परिभाषाएं संगीतशास्त्र के विद्वानों की एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ रखी गईं। इस समिति का गठन करते समय इस बात का ध्यान रखा गया था कि इसमें ऐसे विद्वान आमंत्रित किए जाएं जिन्हें पाश्चात्य संगीत की संकल्पनाओं की प्रामाणिक जानकारी तो हो ही, साथ ही वे भारतीय संगीत की परंपराओं से भली-भांति परिचित हों ताकि संकल्पनाओं को स्पष्ट करते समय यथावश्यक भारतीय संदर्भों का भी उल्लेख किया जा सके।

परिभाषाओं के दौरान जहां चित्र आदि देने की आवश्यकता महसूस की गई है, वहां हमने चित्र देने का प्रयत्न किया है। यदि किसी संकल्पना को स्पष्ट करने के लिए नोटेशन देना आवश्यक प्रतीत हुआ है तो वह भी दिया गया है।

इस कार्य के दौरान भारतीय संगीत के जिन मूर्धन्य विद्वानों से विचार-विमर्श करने का सुअवसर हमें मिला उनमें से प्रायः सभी ने हमें यह परामर्श दिया कि पाश्चात्य संगीत के परिभाषा कोश के सहयोगी प्रकाशन के रूप में शब्दावली आयोग को भारतीय संगीत का एक परिभाषा कोश भी तैयार करना चाहिए। हम इस सुझाव का स्वागत करते हैं और हमारा प्रस्ताव निकट भविष्य में ही इस योजना पर कार्य आरम्भ करने का है।

प्रस्तुत कोश के प्रणयन में हमें जिन विद्वानों का सहयोग मिला है उन सभी के हम हृदय से आभारी हैं।

(प्रो०) मलिक मोहम्मद
अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय, भारतनिधि, करौंदी वाराणसी-5

संगीत परिभाषा कोश

absolute music — निरपेक्ष संगीत

ऐसा संगीत जो प्रत्यक्षतः अपने से अलग किसी वाह्य संदर्भ से जुड़ा न हो । पदरहित संगीत, व्याख्यारहित अथवा वर्णनात्मकतारहित संगीत इसी कोटि का है ।

absolute pitch — निरपेक्ष तारता

नाद की स्वतः सिद्ध तारता जो अन्य किसी नाद के संदर्भ में न हो ।

(टि०: यह शब्द नादात्मक तारता के उस सहज बोध के लिए प्रयुक्त होता है जिससे संगीतज्ञ किसी नाद को पहचान लेता है ।)

accelerando — लयवर्धन (निर्देश)

लय को क्रमशः बढ़ाने का निर्देश ।

accent — आघात

लयात्मक बलाघात जो सामान्यतया तालखंड की पहली मात्रा पर होता है ।

accidental — आकस्मिक

पश्चिमी संगीत पद्धति में सामान्य स्वरग्राम के साथ-साथ कोई अन्य स्वर जिसका प्रयोग अल्प समय के लिए, ग्राम परिवर्तन किए बिना, सौंदर्य वृद्धि के उद्देश्य से किया जाता है ।

accompaniment — संगत, संगति

मुख्य संगीत के साथ सहायक रूप से प्रस्तुत संगीत ।

adagio — अदाजिओ, विलंबित

लय की वह गति जिसमें प्रति मिनट 66 से 76 तक मात्राएं होती हैं ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ad libitum (ad lib) — यथेच्छ

अपनी इच्छानुसार प्रयोग करने का निर्देश ।

Aeolian harp — एग्रोलिग्रन हार्प

विभिन्न मोटाइयों की तांत की तंत्रियों का एक प्राचीन मुक्ततन्त्री वाद्य जिसका नामकरण एग्रोलस देवता के नाम पर हुग्रा ।



affettuoso — एफ़ेतुग्रोसो, सुकुमार

सुकुमार भावयुक्त ।

affrettando — त्वरण (निर्देश)

द्रुत या उत्तेजनापूर्ण संगीत प्रदर्शन में लय के किंचित् त्वरण का निर्देश ।

agitato — उत्तेजन

पूरे जोश ग्रौर दवाव से गाने-वजाने का निर्देश ।

agogic accent (=dynamic accent) — कालाघात

स्वरसमूह के किसी ग्रंश को प्रवल ग्रथवा दीर्घ करके उस पर दिया गया वल जिसका चिह्न है—

air — धुन

गाने ग्रथवा वजाने के लिए स्वर संदर्भयुक्त सरल रचना ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

allargando — लयमंदन (निर्देश)

लय को क्रमशः मंद या विलंबित करने का निर्देश ।

allegro — मध्यद्रुत

मध्य और द्रुत लय के बीच की थोड़ी तेज लय जो प्रदीप्त व उल्लासपूर्ण गति की द्योतक है। इसमें प्रति मिनट 120 से 168 तक मात्राएं होती हैं ।

al rovescio — प्रतिलोमीकरण

आरोहात्मक स्वरसंदर्भ के क्रम को उलट कर अवरोहात्मक करना अथवा अवरोहात्मक को आरोहात्मक करना ।

al segno — दे० segno

alto — स्त्रीमंद्रक

स्त्रियों की नीची आवाज या वयस्क पुरुषों की ऊंची आवाज जिसकी परास हारमोनियम के पांचवे सफेद से सोलहवें सफेद तक है ।

andante — मध्य विलंबित

मनुष्य की स्वाभाविक गति वाली लय जो मध्य (moderato) और विलंबित (adagio) लय के बीच की होती है। इसमें प्रति मिनट 76 से 108 तक मात्राएं होती है ।

anglican chant — आंग्ल गिरजा गीत

इंग्लैंड में गाया जाने वाला सुस्वरतायुक्त एक सरल गान जो आजकल प्रायः अंग्रेजीभाषी अन्य प्रोटेस्टैंट गिरिजाघरों में भी गाया जाता है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

animato — ऊर्जस्वित, जोशीला

उत्तेजनापूर्ण, उत्साहपूर्ण, प्रबल, चेतन, जीवन्त ।

answer — जवाब

ऐसा संगीत स्वर-समुदाय जिसका प्रयोग अन्य स्वर समुदाय के प्रत्युत्तर में किया जाए ।

(टि०: यह विशेषकर 'फ्यूग' नामक संगीत रचना में व्यवहृत होता है ।)

anthem — वन्दना

पवित्र व गम्भीर धार्मिक भावों से परिपूर्ण प्रार्थना या स्तुतिगान जिसे विशेषकर समूह-गान के रूप में गाया जाता है ।

anticipation — प्रत्याशा

किसी मधुर संवादयुक्त स्वर संघात के तुरन्त बाद प्रयोग में आने वाले दूसरे स्वर संघात तथा स्वरों का पूर्वानुमान ।

antiphon — प्रतिगान, एंटिफ़ोन

रोमन कैथोलिक और ग्रीक परम्परागत गिरिजाघरों में गाए जाने वाले धार्मिक भजन (psalm) जो कई खण्डों में एकल ही या समूह में अथवा दो विभिन्न समूहों के बीच बारी-बारी से गाए जाते हैं ।

arco — गज से (निर्देश)

धनुर्वाद्यों को थोड़ी देर तक अंगुलि से बजाने के बाद पुनः गज से बजाने का निर्देश ।

aria — आरिया

आपेरा तथा वृन्दगान में पाठ (recitative) के साथ व्यवहृत एकल मधुर व गम्भीर गीत ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

arietta

आरियेटा

लघु, सरल व हल्के ढंग का 'आरिया' गीत ।

arpaggios

विस्तृत स्वर-संघात

वह स्वर-संघात जिसके स्वर एक साथ वजाए जाने की वजाय एक दूसरे के फौरन वाद क्रमशः वजाए जाते हैं, जैसे कि हार्प में ।

assai

अति, असाई

वहुत, अधिक, अत्यधिक (द्रुत आदि) ।

a tempo

लय वापिसी

मूल लय में लौट आने की प्रक्रिया या निर्देश ।

atonal

आधार स्वरहीन

जिसका कोई आधार स्वर न हो अथवा जो आधार स्वरत्व सिद्धान्त से हीन हो ।

(टि० आधार स्वरहीन संगीत में परम्परागत आधार स्वरत्व सिद्धान्त की उपेक्षा होने से आधार स्वर का विकेन्द्रीकरण हो जाता है) ।

attacca

निरन्तरता संकेत

आगे प्रयुक्त होने वाले खण्ड को विना रुके ग्रहण करके प्रदर्शित करने का संकेत ।

aubade

प्रभाती

प्रातः काल गाया जाने वाला गीत ।

augmentation

संवर्धन (काल)

संगीत के स्वरों के कालमान का वढ़ाया जाना ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

augmentated interval — वर्धित अन्तराल

स्वरनाम और स्वरों के संख्यासूचक अन्तराल के परिवर्तन के बिना ही किन्हीं स्वरों के आपसी अन्तराल का आधा स्वर बढ़ाया जाना । उदाहरणार्थ, सा से म के सामान्य चतुर्थ अन्तराल का दीर्घ चतुर्थ अन्तराल स से म तीव्र होगा। सा ध तीव्र (भारतीय पद्धति से नी कोमल) वर्धित षष्ठ (augmented vi) कहलाएगा । यह स्वर लिपि को सरल बनाने और स्वरसंघात के अनुपात को कायम रखने के लिए उपयोग में लाया जाता है ।

authentic modes — आदि मेल

पाश्चात्य संगीत की पुरानी मेल-पद्धति में चार प्रमुख मेल जो भारतीय संगीत के चार मेल काफ़ी, भैरवी, यमन, खमाज के तुल्य हैं ।

auxiliary note — सहवर्ती स्वर

किसी स्वर के बाद आने वाला वह स्वर जिसके बाद पुनः वही पहला मुख्य स्वर आए ।

bag pipe — मशकबीन

चमड़े की मशक में छिद्रयुक्त पोली नलिकाओं को लगाकर बनाया गया सुषिर वाद्य जो मुंह से फूंकने पर मशक में हवा के भर जाने और नलिकाओं से वायु के बाहर निकलने से बजता है ।

ballad — गाथा

(1) प्राचीन लोक कथाओं आदि पर आधारित लोकप्रचलित, छोटे आकार का (प्राय: रूमानी) गीतात्मक आख्यान ।

(2) गाथा संगीत से प्रेरित वाद्य रचना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ballad opera — गाथा संगीति का

प्राचीन कथायुक्त संगीतप्रधान नाट्य ।

ballet — नृत्यरूपक, बले

नृत्याभिनयप्रधान नाटक ।

band — बैंड

सुषिर व अवनद्ध वाद्य वादकों का वृन्द ।

banjo — बैंजो

अंगुलियों या जव्वे के प्रहार द्वारा बजाया जाने वाला, पांच या अधिक तंत्रियों का सारिकायुक्त वाद्य विशेष ।

bar — लयखण्ड

किसी स्वर लिपि में दो, तीन या चार मात्राओं के खण्ड या इकाइयां ।

bar line — लयखण्ड, पाई

स्वरलिपि में लयखण्ड प्रदर्शित करने वाली खड़ी रेखा ।



baritone

(1) पुंमध्यक (परास) : पुरुष कंठ से उत्पन्न मंद्रमध्यस्थानीय स्वर तथा उसका क्षेत्र विशेष ।

(2) बैरीटोन : मंद्रमध्यस्थानीय स्वरों में बजने वाला (वाद्य आदि) यथा बैरीटोन सेक्सोफोन ।

bass

(1) पुंमंद्रक : पुरुष कंठ से उत्पन्न अति मंद्रस्थानीय ध्वनि तथा उसका क्षेत्र विशेष ।

(2) बास : गंभीर व अति मंद्र स्वरों में बजने वाला (वाद्य विशेष) यथा, बास क्लेरिग्नोनेट, डबल बास आदि ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

bass baritone पुंमंद्रमध्यक, बास बैरीटोन

स्वाभाविक पुरुष-कंठ से उद्भूत, मध्य व मंद्र ध्वनि के बीच की ध्वनि; ऐसी आवाज जिसमें पुंमध्यक के कंठत्व और पुंमंद्रक के नाभि-उद्भूत गांभीर्य-गुण, दोनों का सामंजस्य व मध्यस्थता प्रकट हो।

bass clarionet बास क्लेरिओनेट

काष्ठ से बना, रीडों वाला सुषिर वाद्य विशेष जिसकी ध्वनि प्रायः पुंमद्रक होती है। यह सामान्य क्लेरिओनेट से एक सप्तक मंद्र होता है किन्तु इसका निचला भाग घंटे के आकार का होता है।



bass clef मंद्र परास चिह्न

पाश्चात्य स्वरलिपि में पुंमंद्रस्थानीय स्वरों की स्थिति को दिखाने के लिए प्रयुक्त चिह्न विशेष जो स्वरलिपि पंक्ति के आरम्भ में लगता है।

bass note निम्नतम स्वर

सुस्वरसमूह अथवा एक साथ वजाए या गाए जाने वाले दो या अधिक स्वरों में सबसे निचला स्वर।

bassoon बसून

काठ का बना रीडों वाला सुषिर वाद्य विशेष जिसकी ध्वनि पुंमंद्रक होती है। इसका व्यवहार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रायः वृन्दवादन, सैनिक वाद्यवृन्द, चैम्बर संगीत तथा कभी-कभी एकल वादन में भी होता है।



basso ostinato (=obstinate bass, ground bass)

वारंवारक

पुमंद्रक ध्वनि में व्यवहृत, स्वर संदर्भयुक्त लय-प्रधान सांगीतिक प्रकरण जिसे रचना के अंश विशेष में पृष्ठभूमि के रूप में वार-वार दोहराया जाता है।

beat

(1) कालखण्ड : प्रत्येक तालखण्ड में काल की सबसे छोटी इकाई, मात्रा।

(2) दोल (डोल) : विशिष्ट परिस्थितियों में दो निकटतम स्वर-संयोग के बीच होने वाला दोलायमान कंप।

(3) घात : मात्रा या ताल के अनुसार हाथ से दी जाने वाली ताली अथवा संगीत प्रदर्शन में लय, मात्रा व ताल के अनुसार हाथ या छड़ी से संगीत संचालन।

bell

घंटा

पीतल, कांसे आदि धातु से बना, उल्टे प्याले की आकृति का एक स्वर वाला घनवाद्य।

2—360Edu&Cul/84

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

bellow — धौंकनी

हारमोनियम, आर्गेन आदि सुषिर वाद्यों में हाथ या परों से धौंकने वाला भाग जिससे वाद्य में वायु संचित होकर रीडों में प्रवाहित होती है।

belly — तबली

ततवाद्यों का काठ या चमड़े का बना ऊपर का भाग जिस पर तारों की घुड़च स्थित होती है।

berceuse — लोरी

पालने में झूलते शिशु को सुलाने के लिए गाया गया गीत अथवा वाद्य में बजाई गई उसकी धुन।

binary form — द्वि-अंगी रूप

दो विभागों वाली संगीत रचना जिसमें पहले भाग का अन्त अपूर्ण मुक्ताय (अर्ध मुक्ताय) पर और दूसरे भाग का पूर्ण मुक्ताय पर होता है।

bitonality — द्वि-आधार स्वरता

संगीत का वह विशिष्ट प्रभाव जो साथ-साथ गाए या बजाए जाए जाने वाले दो वस्तुतः विभिन्न आधार स्वर वाले भागों के सम्मिश्रण से उत्पन्न होता है।

bolero — बोलेरो

तिस्रजातीय ताल में किया जान वाला एक स्पेनी नृत्य विशेष जिसमें एक या अधिक जोड़े भाग लेते हैं।

bow — गज, धनु

रगड़ से बजने वाले ततवाद्यों की तंत्रियों को बजाने वाली काठ, सींग, हाथीदांत इत्यादि से बनी छड़ी या धनुष के आकार की वस्तु जिसमें प्रायः घोड़े की पूंछ के बाल लगे होते हैं। इसको तन्त्री से रगड़ने पर ध्वनि उत्पन्न होती है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

bowing

गज चलाना, धनु चलाना

तंत्रियों को वजाने के लिए गज का प्रयोग करना ।

brace

बंधनी

पाश्चात्य संगीत में (प्रायः पियानो वादन में) दो विभिन्न स्वरांकनों को एक साथ वजाए जाने के लिए प्रयुक्त चिह्न जो धनुषाकार कोष्ठक के रूप में होता है ।

brass

तूर्य, तुरही (वाद्य वर्ग)

फूंककर वजाए जाने वाले, प्रधानतः पीतल या अन्य धातु से वने विभिन्न सुषिर वाद्य ।

brass band

तूर्यवृन्द

फूंककर वजाए जाने वाले, धातु से वने सुषिर वाद्यों का समूह ।

breve

द्विमात्रिक

दो मात्राओं वाला कालखंड । पाश्चात्य स्वरांकन पद्धति में गुरुतम मात्रा का निशान ।

bridge

उत्तर मेरु, घुड़च, घोड़ी

ततवाद्यों में तवली के ऊपर लगी हुई लकड़ी, सींग, हाथी दांत, हड्डी या धातु की टेक जिस पर बजने वाली तंत्रियां स्थित रहती हैं। घुड़च के निकट ही तंत्रियों पर घर्षण या प्रहार द्वारा वाद्य बजाया जाता है और उसी के द्वारा तंत्रियों की गुंजनपरकता में अभिवृद्धि होती है ।

bridge passage

संयोजक-अंश

किसी संगीत रचना के अलग अलग आधार वाले दो पाठों को कलात्मक ढंग से जोड़ने वाला संगीत का टुकड़ा जो उस रचना के दौरान आधार स्वर को वदलने की प्रक्रिया को सरल बना देता है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

bugle — बिगुल

किसी एक ही स्वर अथवा विशिष्ट सुस्वर समूह में बजने वाली छोटी तुरही जो [प्राय: सेना में व्यवहृत होती है।]

cadence (close) — मुक्ताय (उपांतक)

किसी संगीतिक रचना के समाप्त होने या उसमें किसी अन्य छोटी या बड़ी रचना के जुड़ने से पूर्व प्रयुक्त स्वर-संघात। यह पांच प्रकार का होता है।

(1) perfect cadence (पूर्ण मुक्ताय)
मुक्ताय का एक रूप जिसमें पंचमक स्वर-संघात के बाद प्रथमक स्वर-संघात प्रयुक्त होता है।

(2) imperfect cadence (अपूर्ण मुक्ताय, अर्धमुक्ताय)—मुक्ताय का एक रूप जिसमें किसी भी स्वर-संघात के बाद पंचमक स्वर-संघात व्यवहृत होता है।

(3) interrupted cadence (सबाध मुक्ताय)—मुक्ताय का एक रूप जिसमें ऐसा आभास होता है जैसे कि रचना समाप्त हो गई हो किन्तु तुरन्त ही वह फिर शुरू हो जाती है।

(4) plagal cadence (विस्तृत मुक्ताय)—मुक्ताय का एक रूप जिसमें चतुर्थक स्वर-संघात के बाद प्रथमक स्वर-संघात व्यवहृत होता है।

(5) mixed cadence (मिश्र मुक्ताय)—मुक्ताय का एक रूप जिसमें चतुर्थक स्वर-संघात के बाद पंचमक स्वर-संघात व्यवहृत होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

cadenza

स्वैच्छिका

संगीत रचना का वह अंश जो प्रायः एकल स्वेच्छ गायन या वादन के लिए निश्चित होता है ।

calando

अवमंदन (संकेत)

प्रबलता तथा लय को क्रमशः कम करने का संकेत ।

canon

स्थाय (phrase) अनुसरण

पाश्चात्य संगीत की सहचलन शैली में प्रस्तुतियों का एक साथ आरम्भ न होकर एक दूसरे के बाद आरम्भ होना ।

cantabile

मृदु

ऐसा गायन-वादन जो मृदु, सुकुमार हो ।

cantata

गान, गेय रचना

गाने के लिए बनाई गई रचना । यह शब्द प्रायः विशेषण रूप में प्रयुक्त होता है जैसे cantata da chiesa=चर्चगान । (तु० सोनाटा) ।

canto fermo
(=cantus fermus)

आधार धुन, मूल धुन

संगीत रचना की वह प्रधान धुन जिसकी सजावट के लिए सहचलन इत्यादि में गौण धुनों का प्रयोग किया जाता है ।

carol

(ईसाई) पर्वगीत, कैरोल

विशिष्ट पर्व पर गाया जाने वाला (ईसाइयों का) धार्मिक गीत ।

castanets

कैस्टानेट्स

हाथों से बजाया जाने वाला, लकड़ी का बना तालवाद्य विशेष ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

cello (=violin cello) चलो

वार्यलिन के आकार का किन्तु उससे बड़ा तंत्री वाद्य जिसे घुटनों में रखकर बजाया जाता है। (दे० violin family)

chamber music चैंबर संगीत

गिरजाघरों के प्रार्थनागार अथवा छोटे कक्षों में प्रस्तुत किया जाने वाला संगीत जिसमें सामान्यतया वायलिन परिवार के वाद्य प्रयुक्त होते हैं।

change ringing सक्रम घंटिकावादन

किसी विशिष्ट स्वर-क्रम की ध्वनियों में मिलाई गई घंटियों का क्रमानुसार वादन।

chant धार्मिक गीत

उपासना के रूप में गाए जाने वाले ईसाई गीत।

chest voice मंद्रभरित ध्वनि

कंठ ध्वनि का मंद्र गम्भीर नाद जिसके उच्चारण में वक्षस्थल पर जोर पड़ता है।

chime bells घंटिकावली

मधुर व विभिन्न स्वरों में मिलाई गई घंटियां।

choir गायकवृन्द

सामूहिक रूप में गाने वाले गायकों का समूह।

chord स्वर-संघात

एक साथ गाए या बजाए जाने वाले स्वरों (तीन या उससे अधिक) का समूह।

chorus

(1) गायकवृन्द : आपेरा आदि के सहगायन वाले अंशों के गाने वाले गायकों का समूह।

(2) वृन्दगान : संगीत-रचना का वह भाग जिसे गायक मिल कर गाते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

chromatic scale — द्वादश स्वरग्राम

संगीत में प्रयुक्त होने वाले सप्त स्वरों के (क्रमानुसार) शुद्ध, कोमल, तीव्र आदि 12 रूपों से युक्त स्वरग्राम। इसमें प्रत्येक स्वर के बाद अर्ध स्वर का अन्तराल होता है।

clarionet — क्लेरिओनेट

लकड़ी, बैकोलाइट या धातु का बना चाबियों वाला सुषिर वाद्य।

classical music — शास्त्रीय संगीत, क्लासिकी संगीत

(1) (रूमानी तथा सामान्यत: लोकप्रचलित संगीत की तुलना में) वह संगीत जिसे परिष्कृत रुचि वाले पारखी श्रोता अथवा संगीतज्ञ स्वीकार करते हैं; कला के प्रतिष्ठापित तथा विशद रूप के अनुरूप संगीत, जैसे फ्यूग या सोनाटा आदि।

(2) संगीतज्ञों के उस वर्ग के द्वारा निर्मित संगीत-रचना, जिसकी कृति लक्षणों की दृष्टि से श्रेण्यता, आभिजात्य अथवा शास्त्रीयता से युक्त होती है।

clef — पराससूचक (चिह्न)

पाश्चात्य स्वरांकन पद्धति में किसी संगीत रचना को लिखते समय प्रारम्भ में प्रयुक्त चिह्न जो स्टाफ (रेखाओं) की सीमाओं का परिचायक है।

close (d) harmony — संकुचित सहस्वरता

पियानो-पाठ में सहस्वरता के चारों पाठों के स्वरों का ऐसा विन्यास जिसमें अनुलंब दृष्टि से संघातों के किन्हीं दो स्वरों के बीच अन्य स्वरों के प्रवेश की गुंजाइश न हो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

coda — समापक (चिह्न)

(1) किसी संगीत रचना के अंत में जोड़ा जाने वाला टुकड़ा जो रचना की समाप्ति का द्योतक हो।

(2) संगीतांश की समाप्ति का द्योतक चिह्न।

𝄌

colla — के साथ, से (निर्देश)

टि० यह शब्द किसी अन्य शब्द के पहले निर्देश के रूप में जुड़ा रहता है जैसे colla arco=गज से।

coloratura (=figurata) — द्रुतालंकार

प्रवाहपूर्ण तथा अलंकृत शैलीयुक्त द्रुत संगीत।

combination pedals (=composition pedals) — संयुक्त पदिका

आर्गन वाद्य में विभिन्न ध्वनि विम्बों अथवा ध्वनि रूपों के शीघ्र और सुविधाजनक परिवर्तन के लिए प्रयुक्त काष्ठ पट्टिकाएं जिन्हें पैर से दवाया जाता है।

comma — अल्प विराम (चिह्न)

रचना के दौरान किसी टुकड़े या स्थान के वाद थोड़ा विराम दिए जाने का चिह्न।

common chord — सामान्य स्वर-संघात

किसी विशिष्ट स्वर के साथ उसके तीसरे और पांचवें स्वरों के संयोग से निर्मित स्वर-संघात।

common time — चतुरस्र कालमान

चतुर्मात्रिक काल खण्डों से युक्त ताल अर्थात् जिसमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एक काल खंड के अंतर्गत चार चतुर्थांश मात्रिक का प्रयोग हो ।



comodo — सुगम

सरल प्रवाह वाला, सहज गति वाला ।

compass — ध्वनि परास

कंठ या वाद्य के मंद्रतम स्वर से तारतम स्वर तक ध्वनि विस्तार ।

composition — प्रबंध, बंदिश

स्वरतालबद्ध पदरहित या पदसहित (गेय या गत आदि) संगीत रचना ।

compound interval — सप्तकाधिक स्वरांतराल

किसी स्वर तथा उससे एक सप्तक से अधिक ऊंचे स्वर के बीच का अंतराल, जैसे मध्य सप्तक के सा से तार सप्तक के रे ग म. . . . . के बीच का अंतराल ।

compound time (=compound measure) — त्रिकाल ताल, त्र्यस्र जातीय

ऐसा कालमान जिसमें दो या दो से अधिक सरल कालमान हों । इस कालमान के संकेत का गुणक 5/4 तथा 7/4 को छोड़ कर अन्य सभी स्थानों पर दो अथवा तीन का गुणक होता है ।

concert — संगीत सभा

श्रोताओं के सम्मुख की जाने वाली वादन या गायन गोष्ठी ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

concerto — एकलप्रधान प्रस्तुति

ऐसी वाद्यवृन्द संगीत रचना जिसमें प्रधान वाद्य के अतिरिक्त अन्य वाद्य सहायक के रूप में प्रयुक्त हों।

conard — कर्णप्रियता

स्वर संघातों का कर्णप्रिय होना।

conducting — निर्देशन

वाद्यवृन्द अथवा सामूहिक गान इत्यादि के संचालन की कला।

conjunct motion — क्रमिक संचार

किसी धुन के आरोह-अवरोह का क्रमिक प्रवाह जिसमें कोई स्वर छूटा न हो।

consecutive 5th, 8th — क्रमागत पंचम, अष्टम

पाश्चात्य संगीत में सहचलन अथवा सहस्वरता के बास और स्प्रेनों अंशों की समदिशा के स्वरों में लगातार एक से अधिक बार 5-8 स्वरों का अंतराल होना।

(इसे रचना का दोष माना जाता है)।

consonance — संवादिता, अनुरूपता, सहमधुरता

किन्हीं दो या दो से अधिक स्वरों को साथ-साथ गाए या बजाए जाने पर कान को प्रिय लगने वाला प्रभाव।

con sordino — मंदीकारक से (निर्देश)

वाद्य-ध्वनि को मृदुतर करने के लिए मंदीकारक उपकरण का प्रयोग करने का निर्देश।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

contra bass
(=double bass)

कांट्रा बास

वायलिन परिवार का आकार में सब में बड़ा और तारता में सब से नीचा तंत्री वाद्य। (violin family भी देखिए)।

contralto

स्त्रीमंद्रक, कंट्राल्टो

(1) नारी कंठ से उत्पन्न नीची या मोटी आवाज तथा उसका क्षेत्र विशेष।

(2) ऐसी ध्वनि वाली गायिका।

contrary motion

विमुख संचार

किसी धुन-अंश के दो ऐसे भागों का सहचलन जिनमें से एक आरोह क्रम और दूसरा अवरोह क्रम में हो जैसे ग म प के साथ-साथ ग रे स का प्रयोग।

counterpoint

सहचलन

एक या अधिक धुनों का किसी एक मुख्य धुन के साथ साथ गाया या बजाया जाना।

crescendo

ध्वनिवर्धन (संकेत)

ध्वनि के आयाम को क्रमशः बढ़ाने का संकेत। इसका रूप cres...या निम्न प्रकार का होता है:-



crotchet (=quarter)

पादमात्रिक, चतुर्थांशमात्रिक

पाश्चात्य संगीत में चतुर्थांश मात्राकाल को अभिव्यक्त करने के लिए प्रयुक्त चिह्न जिसका स्वरूप b होता है। आधुनिक हिंदुस्तानी संगीत में यह एक मात्रा के बराबर है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

cymbals — झांझ

चमड़े के हैंडिल वाली पीतल की दो गोलाकार प्लेटें जिन्हें आपस में टकरा कर आवाज पैदा की जाती है। इन्हें हाथों के अलावा पैर से लीवर दवाकर या छड़ी आदि किसी अन्य विधि से बजाया जा सकता है।

da capo — आदितः आवृत्ति (संकेत)

लिखित संगीत रचना के गायन-वादन के दौरान किसी विशेष स्थान से (जहां D. C. लिखा हो) रचना को आरम्भ से दोहराने का संकेत।

dal segno — दे०. segno

damper — अवमंदक

पियानो की पट्टिकाओं को दवाकर छोड़ देने से उसके अंदर बजने वाली तंत्री की ध्वनि को रोकने के लिए प्रयुक्त नमदे का टुकड़ा।

damper pedal — अवमंदक पदिक

पियानो में लगी एक युक्ति जिसे पैर से दवा कर पियानो की ध्वनि के आयाम को कम किया जाता है।

decrescendo (=diminuendo) — ध्वनिमंदक संकेत

ध्वनि के आयाम को क्रमशः कम करने का संकेत। इसका रूप decres....या निम्न प्रकार का होता है:



degree — स्थिति

सरगम में स्वर-विशेष की क्रम संख्या।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

demisemiquaver — बत्तीसवां अंश

एकमात्रिक (semibreve) काल-मान का 32वां अंश ।

descant — डेस्कांट

किसी मुख्य धुन में प्रयुक्त अतिरिक्त संगीत जो प्राय: आशु कल्पना-प्रसूत होता है ।

detache — अवद्ध (निर्देश)

धनुर्वाद्यों में दक्षिणचालन अथवा वामचालन द्वारा स्वरों को अलग-अलग बजाने का निर्देश ।

diatonic scale — डायाटोनिक ग्राम

संगीत में प्रयुक्त होने वाले सात स्वरों का ग्राम जिसमें दो निकटवर्ती स्वरों के अंतराल एक से नहीं होते । दूसरे शब्दों में, जिसमें दो पूर्ण स्वरांतराल के बाद एक अर्ध स्वरांतराल होता है ।

differential tone — अवकल अनुनाद

दो प्रवल निनादित स्वरों के सह-अनुनादस्वरूप सुनाई देने वाला सूक्ष्म नाद जो दोनों मूल स्वरों में होने वाले आंदोलनों के बीच अनुरूपता स्थापित करता है ।

diminished interval — ह्रासित स्वरांतराल

स्वर-संज्ञा या स्वर-संख्या का परिवर्तन किए बिना, किसी स्वरांतराल के दूसरे स्वर में अर्ध स्वर की कमी वाला अंतराल ।

diminuendo — ध्वनिमंदन संकेत

ध्वनि को क्रमश: हल्का व सुकुमार करने का संकेत । (दे० decrescendo)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

diminution — ह्रासन

किसी रचना में स्वरों का कालमान कम करने की प्रक्रिया ।

discord — कर्णकटुता

स्वरसंघातों का कर्णकटु होना ।

disjunct motion — अपक्रमिक संचार

स्वरों का ऐसा आरोह-अवरोह जो क्रमिक न होकर लंघनयुक्त होता है जैसे ग प म ।

divisi — विभाजन (संकेत)

वृंदवादन में वादकों को अपने लिए निश्चित पाठों को अलग-अलग बजाने का संकेत ।

do (doh) — सा, षड्ज

सप्तक का प्रथम स्वर ।

dolce — मृदुता (संकेत)

मधुर या सुकुमार ढंग से गायन-वादन संकेत ।

dolorose — करुणा (संकेत)

किसी सांगीतिक अंश में दुःख, विषाद या करुणा प्रदर्शित करने का संकेत ।

dominant — पंचमक

सप्तक का पांचवां स्वर ।

dominant chord — दे० cadence, perfect

dot — बिंदु

पाश्चात्य स्वरलिपि में प्रयुक्त चिह्न विशेष (.) जो दो प्रकार से व्यवहृत होता है :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(1) किसी स्वर के ऊपर लगाने पर उस स्वर का कालमान कम हो जाता है और इस प्रकार वह आगे प्रयुक्त होने वाले स्वर से थोड़ा असंबद्ध हो जाता है।

(2) किसी स्वर के दायीं ओर लगाने पर उस स्वर का कालमान $1\frac{1}{2}$ गुणा हो जाता है।

dotted note — साधंकालिक स्वर

ऐसा स्वर जिसकी काल मात्रा को $1\frac{1}{2}$ गुणा करने के लिए उसकी दाहिनी तरफ बिन्दु लगाया गया हो।



double bar — द्विरेखा

(1) किसी सांगीतिक रचना या उसमें प्रमुख भाग की समाप्ति की सूचक दोहरी खड़ी रेखाएं।

(2) रचना के बीच किसी भाग में लगाई गई दो रेखाएं जो आगामी किसी विशेष स्थिति के लिए सावधान होने की सूचना देती है।



double flat — द्विश: कोमल

दो बार आधा स्वर कम करके लिखा गया स्वर। इसका चिह्न है:— bb

double sharp — द्विश: तीव्र

दो बार आधा स्वर बढ़ा कर लिखा गया स्वर।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi.

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसका चिह्न है :—

X

double tonguing — द्वि तुत्कार

सुषिर वाद्य के मुखरंध्र पर वादक द्वारा जिह्वाग्र से किया जाने वाला कलात्मक दोहरा आघात जिससे वाद्य में तुक-तुक की दोहरी ध्वनि से युक्त दोहरे स्वर बजते हैं।

down beat — प्रघात

ताल खंड की प्रबल मात्रा का संकेत। यह संकेत संगीत निर्देशक हाथ या छड़ी को नीचे की ओर ले जाकर करता है।

down bow — दक्षिण चालन (संकेत)

गज से बजाए जाने वाले वाद्य की तंत्री पर दाहिने हाथ की तरफ गज चलाने का संकेत।

drone — पृष्ठनाद

(1) आधार स्वर का निरन्तर गुंजार।

(2) वह वाद्य जो इसके लिए काम में लाया जाए।

drum

(1) ढोल : चमड़े से मढ़ा तालप्रधान वाद्य विशेष।

(2) अवनद्ध वाद्य : चमड़े से मढ़े तालप्रधान वाद्यों की कोटि।



Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

duet (=duo) — युगलवंदी

दो गायकों या दो वादकों द्वारा प्रस्तुत सहसंगति ।

duplets — द्विबंध

त्रिगुण स्वर वाले टुकड़े को दो मात्राओं में बांधने का चिह्न ।

elegy — शोक गीति

मृत्यु आदि के अवसर पर गाया जाने वाला शोकपूर्ण गीत ।

encore — पुन: पुन:

किसी संगीत प्रस्तुति को दोहराने की फरमाइश ।

ending — अंत्यांश

संगीत रचना का अन्तिम भाग ।

enharmonic interval — नाम भेद-अन्तराल

दो भिन्न नाम वाले स्वरों जैसे तीव्र D (रे) और कोमल E (ग) के बीच का अन्तराल जो ग्राम में विद्यमान होते हुए भी कुंजीपटल पर नहीं पाया जाता ।

ensemble — समूह

गायक-वादक समूह ।

entracte — अंकांतर संगीत

नाटक या संगीत नाटिका के अंकों के बीच बजाया जाने वाला संगीत ।

entree — अवतरणिका संगीत

नाटकों में पात्र के रंगमंच पर अवतरण के लिए प्रस्तुत किया जाने वाला संगीत ।

3—360Edu&Cul/84

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

episode — योजक अंश

दो सांगीतिक अंशों को जोड़ने वाला टुकड़ा।

equal temperament — दे० temperament

essential note — अनिवार्य स्वर

पाश्चात्य संगीत में स्वरसंघात (कॉर्ड) में प्रयुक्त आवश्यक स्वर।

etude — अभ्यास कृति

वाद्य संगीत में प्रायः एकल रूप में बजाई जाने वाली विशिष्ट रचना जो मूलतः अभ्यास के लिए होते हुए भावपूर्ण भी होती है।

exposition — प्रतिपादन

(1) पाश्चात्य संगीत की सोनाटा या फ्यूग विधा का वह भाग जिसमें विस्तार के पूर्व विषय-वस्तु का निरूपण हो।

(2) उपरोक्त भाग में होने वाली निरूपण प्रक्रिया।

extemporization (=improvisation) — उपज

संगीत, काव्य आदि कलाओं में किसी तैयारी के बगैर तत्काल रचना करना, सद्यःस्फूर्त रचना, आशु रचना।

fa (fah) — म, मध्यम

सप्तक का चौथा स्वर।

falsetto — कृत्रिम स्वरण

व्यस्क पुरुषों द्वारा अपने गायन में अपनी स्वाभाविक कंठध्वनि की अपेक्षा बनावटी आवाज निकालना। कंठध्वनि का यह विशिष्ट प्रयोग अन्य कंठध्वनियों के अनुकरण के लिए (प्रायः हास्यादि का प्रभाव उत्पन्न

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करने के लिए) किया जाता है जैसे स्त्रियों की कंठध्वनियों का पुरुषों द्वारा अनुकरण।

fanfare तूर्य घोष

कार्यारम्भ का सूचक संगीत ।

fantasia स्वेच्छा रचना, फेंटेसिया

संगीत की ऐसी रचना जिसमें कल्पना की मुक्त उड़ान हो ।

fermata देखिए pause.

fiddle फिडल

वार्यालिन का पुराना नाम ।

fife छोटी बांसुरी

परम्परागत अर्थ में, ऊंचे स्वर में बजाने वाली छोटी बांसुरी; अब सेना के तूर्यवृन्द में बजाई जाने वाली बांसुरी ।

fifth (interval) पंचम (अन्तराल)

किसी स्वर तथा उससे ऊंची ध्वनि वाले पांचवे स्वर के बीच का अन्तराल जैसे, रे से ध के बीच का अन्तराल।

final न्यास

प्राचीन ग्रीक संगीत में व्यवहृत मेलों का अन्तिम स्वर।

finale अंतिमांश

(1) किसी कृति का अन्तिम अंश।

(2) संगीत नाट्य के किसी अंक के अन्त का सूचक अंश ।

fine अंत

(1) किसी संगीत रचना की परिसमाप्ति ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(2) संगीत रचना के मध्य उस स्थान पर लगाया जाने वाला संकेत विशेष जिस स्थान तक रचना की पुनरावृत्ति होने के बाद उसका समापन होता है।

finger board — दांड, दांडी, अंगुलिपटल

ततवाद्यों का वह लम्बा भाग जिसके एक छोर से दूसरे छोर तक लगी तंत्रियों को अंगुलियों से दबा कर बजाया जाता है।

fingering — अंगुलिचालन

वादन में विभिन्न सुरों को निकालने के लिए हाथ की अंगुलियों का प्रयोग अथवा उनके प्रयोग के लिए लिखित निर्देश।

fipple flute — सीटी वाली वांसुरी

ऐसी वांसुरी जिसके मुखरंध्र में काष्ठ का छोटा टुकड़ा लगा हो।

flagcolet — फ्लेज्योलेट

एक सुषिर वाद्य विशेष।

flagcolet-note — अनुगुणित स्वर

किसी ततवाद्य का गुणित स्वर जिसकी ध्वनि इतनी पतली हो कि उससे वांसुरी की ध्वनि का आभास होता हो।

flat — फ्लैट, कोमल, मृदु

शुद्धावस्था से आधा स्वर नीचा करके विकृत किया हुआ (स्वर)। इसका चिह्न पाश्चात्य संगीत में इस प्रकार है :—

♭

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

florid counterpoint प्रवाही सहचलन

समवेत गायन-वादन में पारम्परिक पूरक सहप्रयोग की एक संकीर्ण विधा जिसमें स्वरों का प्रयोग समान, अर्ध, तृतीयांश व चतुर्थांश मात्रिक लयकारियों के संयुक्त रूप में अथवा अष्टमांश मात्रिक लयकारी के रूप में किया जाता है।

flute वेणु, बांसुरी, वंशी

वांस, काठ, या धातु का बना, नलिका के आकार का छिद्रयुक्त सुषिर वाद्य।



folia फोलिया

मूलत: एक विशेष पुर्तगाली नृत्य का नाम। बाद में नृत्य के लिए व्यवहृत एक विशेष धुन।

folk dance लोक नृत्य

किसी देश या क्षेत्र विशेष के जनसमुदाय का परम्परागत विशिष्ट नृत्य जिसका उद्गम उनके अनुष्ठानों अथवा उनकी संस्कृति के अन्य तत्वों में देखा जा सकता है।

folk song लोकगीत

किसी देश या क्षेत्र विशेष के जनसमुदाय के परम्परागत वे गीत जो उनकी विशिष्ट संस्कृति के अंग होते हैं। धुन की सरलता, स्थायी का समवेत गायन तथा गेय पद लोकगीत की विशिष्टताएं हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

form — रूप

संगीत-रचना के विभिन्न अंशों और तत्वों का एक विशिष्ट विन्यास जिससे उसके प्रभाव, अभिरचना और अभिकल्पना में अन्विति तथा सममिति आ जाती है।

forte — सवल (संकेत)

जोरदार तथा ऊंची आवाज निकालने का संकेत।

fourth (interval) — चतुर्थ अन्तराल

किसी स्वर तथा उससे ऊंची ध्वनि वाले चौथे स्वर के वीच का अन्तराल जैसे स से म के बीच का अन्तराल।

french horn — फ्रेंच हॉर्न

मुख फूत्कार से वजने वाला, धातु का वना एक सुषिर वाद्य।



frequency — आन्दोलन संख्या

किसी स्वर में प्रति मिनट होने वाले दोलनों की संख्या।

fret — सारिका, सुन्दरी, परदा

ततवाद्यों की डांड पर स्थापित, स्वरस्थिति दर्शाने वाली, धातु की वनी पट्टिकाएं जिन पर (बांए हाथ की अंगुलियों से) वाद्य तंत्री को दबा कर विभिन्न स्वर निकाले जाते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

fugue फ़्यूग

सहचलन वाली एक संगीत-रचना जिसमें दो धुनें दोहराई जाती हैं अथवा अनुकृत की जाती हैं।

fuguetta फ़्युगेटा

फ़्यूग नामक संगीत-रचना का लघु स्वरूप।

full score विस्तृत पाठ

गायन या वादन रचना का वह समवेत पाठ-लेखन जिसमें प्रत्येक गायक या वादक का पाठ अलग-अलग रेखाओं पर लिखा हो।

galop गैलप

19वीं शताब्दी का बाल-रूम नृत्य विशेष जो साधारणतया ड्यूपल-काल (2/4) के अनुसार घूम-घूम कर किया जाता था तथा जिसमें प्रत्येक खंड की अंतिम मात्रा पर पद परिवर्तन हो जाता था।

gamba गैम्बा

(1) वायोला-दा-गैम्बा नाम का संक्षिप्त रूप।

(2) उपरोक्त वाद्य की ध्वनि का आभास देने वाली ध्वनि उत्पन्न करने के लिए आर्गेन वाद्य में प्रयुक्त की जाने वाली चाबी (ORGAN STOP)।

gamut स्वर परिसर

(1) कंठ या वाद्य की ध्वनि के विस्तार का क्षेत्र।

(2) सप्तक।

geige/geigen गाइगन

(1) गज से बजने वाला कोई भी वाद्य। आजकल केवल वायलिन के अर्थ में प्रयुक्त।

(2) आर्गेन वाद्य में वायलिन नाद के समान ध्वनि उत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त विशेष अवरोधक चाबी (stop)।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

gemshorn गेमशोर्न

ऑर्गेन में सुकुमार ध्वनि के लिए प्रयुक्त की जाने वाली अवरोधक चाबी (stop)।

gittern गिटर्न

गिटार परिवार का एक वाद्य।

giusto धीर (लय)

मंद गति वाली नियंत्रित लय।

glissando मींड़, सूत

बीच के सभी नादों को छूते अर्थात् ध्वनित करते हुए एक स्वर से दूसरे स्वर तक पहुंचने की विधि।

glockenspiel धातुपट्टतरंग

धातुपट्टिकाओं वाला लयप्रधान वाद्य।



gong घड़ियाल

काँसा, पीतल, तांबे आदि का बना थाली के आकार का घनवाद्य।

grace-note कण स्वर, कन

किसी मुख्य स्वर के तुरन्त पहले प्रयुक्त होने वाला कोई अन्य आलंकारिक स्वर जिसका लेखन चिह्न पाश्चात्य स्वर लिपि में इस प्रकार है :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

grave — अतीव विलंवित

अत्यन्त मंदगति वाली लय ।

gregorian chant — ग्रेगरीय संगीत

यूरोप के ईसाई धर्मगुरु पोप ग्रेगरी प्रथम से सम्बद्ध धार्मिक सरलगीत जिसका व्यवहार अब भी रोमन कैथोलिक चर्च में होता है ।

gregorian tones — ग्रेगरीय स्वरक

ग्रेगरीय संगीत की आठ प्रमुख धुनें जिनमें प्रत्येक धुन मध्यकालीन पाश्चात्य संगीत की अलग अलग मेलों (modes) से सम्बद्ध है ।

ground bass — दे० basso ostinato

half close (=half cadence) — अपूर्ण मुक्ताय

दे० cadence, imperfect

hand bells — कर घंटिकावली

विभिन्न आकार व स्वरों की घंटिकाओं का समूह जिन्हें हाथों से हिलाकर बजाने पर विभिन्न स्वरावलियां उत्पन्न होती हैं ।

harmonica — हारमोनिका

मुख से बजाया जाने वाला सुषिर वाद्य विशेष जिसे माउथ आर्गेन भी कहा जाता है ।

harmonics — गुणित स्वर

ततवाद्य की तन्त्री पर आघात या घर्षण द्वारा नाद से उत्पन्न उपनाद ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

टि० : सूक्ष्म ध्वनिग्राही कानों वाले विदग्ध सुसंगीतज्ञों को मुख्य नाद के साथ ही साथ हल्की ध्वनि के रूप में उपनाद भी सुनाई पड़ते हैं। उच्च आंशिक स्वर (upper partial) को harmonic शब्द का पर्याय मानना सर्वथा युक्तिसंगत नहीं है। उदाहरणार्थ, स्वरित्र द्विभुज (tuning fork) तथा घंटी से इस प्रकार के उच्च अंश स्वर उत्पन्न होते हैं जो गुणित स्वर श्रेणी के अनुरूप (संवादी) नहीं होते। इस प्रकार ऐसे स्वरों को inharmonic upper partials कहा जाता है। अतः सभी harmonic स्वर उच्च अंश स्वर होते हैं लेकिन सभी उच्च स्वर अंश harmonics नहीं होते।

harmonic scale — दे० minor scale

harmonic series — गुणित स्वर श्रेणी

किसी आधार स्वर के सभी गुणित स्वरों का क्रम।

harmonium — हारमोनियम

पेटी की आकृति वाला सुषिर वाद्य विशेष जिसे एक हाथ से धौंकनी को धौंकते हुए दूसरे हाथ की अंगुलियों से चावियों को दबाकर बजाया जाता है।

harmony — सहस्वरता

त्रिविम संगीत में ऐसी ध्वनियों का एक साथ प्रयुक्त होना जिनका अनुपात व संवाद, सांगीतिक दृष्टि से कर्णमधुर व सार्थक हो। इसके स्वरांकन में बाएं से दाएं के साथ-साथ ऊपर से नीचे लिखे हुए समस्त अंशों में पारस्परिक ध्वनि संवाद स्थापित होना आवश्यक है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

harp हार्प

एक पाश्चात्य ततवाद्य जिसमें तीनों सप्तकों के विभिन्न स्वरों के लिए अलग अलग तंत्रियां होती हैं।



harplute हार्पल्यूट

गिटार परिवार का एक ततवाद्य। 19वीं शताब्दी के प्रथम चरण में प्रचलित।

harpsichord हार्पसीकार्ड

पट्टिकाओं को अंगुलियों से दबा कर बजाया जाने वाला ततवाद्य। इसमें ध्वनि उत्पन्न होने की प्रक्रिया पियानो से भिन्न है।

hexachord षाड़व ग्राम

छः स्वरों की शृंखला जिसमें तीसरा और चौथा स्वर सदैव अर्ध स्वरांतर से और शेष स्वर पूर्ण स्वरांतर से पृथक होते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

horn (=French horn) हार्न (फेंच हॉर्न)

मुख से वजाया जाने वाला धातु से बना एक सुषिर वाद्य ।

hymn स्तोत्रगान

चर्च में सामूहिक रूप से गाई जाने वाली ईश्वर स्तुति ।

idyll ग्राम्यगीत

चरवाहों के शांत ग्रामीण जीवन से सम्बद्ध संक्षिप्त संगीतमय रचना ।

imperfect cadence दे० cadence

impromptu आशु प्रबन्ध

संगीतज्ञ की प्रत्युत्पन्नमति द्वारा सद्यःस्फूर्त आशु संगीत रचना ।

improvization (=extemporization) दे० extemporization

incidental music प्रासंगिक संगीत

नाटक के अभिनय के दौरान प्रस्तुत प्रयाण गीत, नृत्य-गीत, प्रेमगीत आदि ।

instrument वाद्य, बाजा

संगीत में स्वर या ताल की अभिव्यक्ति के लिए बजाया जाने वाला यन्त्र ।

interlude अन्तःसंगीत, मध्यवर्ती संगीत

(1) नाटक के किन्हीं दो अंकों के बीच की अवधि में प्रयुक्त संगीत ।

(2) गीत की पंक्तियों अथवा उसके स्थाई और अन्तरा के बीच का वाद्य संगीत ।

interrupted cadence दे० cadence

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

intonation — सुरीलापन

सुर में गाए या बजाए जाने की विशेषता।

introduction — प्रास्ताविक संगीत

किसी सांगीतिक रचना का प्रारम्भिक अंश जो उस रचना को प्रस्तुत करते समय प्रायः मंदगति में गाया या बजाया जाता है। इसका प्रयोग विशेष कर पाश्चात्य संगीत की सिंफनी और सोनाटा आदि संगीत विधाओं के प्रारम्भ में होता है।

inversion — विलोमन

पाश्चात्य स्वरांकन पद्धति में दो स्वरों में किसी एक स्वर को एक सप्तक नीचा या ऊंचा करना।

jazz — जैज़

विभिन्न वाद्यों द्वारा प्रस्तुत आशुकल्पनाप्रधान वाद्य-संगीत।

key — (1) आधारक :

पाश्चात्य संगीत में षड्ज संक्रमण पद्धति का केन्द्र स्वर।

(2) परदा :

आर्गेन, हारमोनियम व एकार्डियन आदि वाद्य यंत्रों में प्रयुक्त पट्टियां जिन्हें हाथ की अंगुलियों से दबाने पर स्वर उत्पन्न होते हैं।

key-board — स्वरपटल

पियानो, आगन, हारमोनियम व एकार्डियन आदि वाद्यों में क्रमानुसार स्थित पट्टिकाओं का समूह; उक्त वाद्यों का वह भाग जिस पर स्वर पट्टिकाएं क्रमानुसार स्थित रहती हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

key note = tonic note केन्द्र स्वर, आधार स्वर

स्वरपटल के किसी भी ग्राम का वह प्रथम व आधार स्वर जिसके नाम से ही वह स्वरग्राम विशेष जाना जाता है ।

key-signature आधार स्वर चिह्न

केन्द्र स्वर व आधारक की तारता का द्योतक चिह्न । पाश्चात्य स्टाफ स्वरांकन पद्धति में लिखित संगीत रचना का प्रारम्भिक तीव्र या कोमल स्वर चिह्न उसके आधार स्वर का द्योतक होता है ।

la-(=lah) ध, धैवत

सप्तक का छठा स्वर ।

lament विलाप गीत, शोक गीत

मृत्यु के अवसर पर बजाया जाने वाला विषादपूर्ण गीत । स्काटलैंड और आयरलैंड में ग्राम्य संगीत के रूप में प्रचलित । प्राय: यह मशकबीन (बैगपाइप) पर बजाया जाता है ।

larghetto प्रविलंबित

विलंबित और अतिविलंबित के बीच की 60 से 66 मात्रा प्रति मिनट वाली धीमी लय ।

largo अतिविलंबित

40 से 60 मात्रा प्रति मिनट वाली बहुत धीमी लय ।

leading note सप्तम स्वर

संगीत में प्रयुक्त सप्तक का सातवां स्वर जिसकी प्रवृत्ति साधारणतया आधार स्वर की तरफ होती है । इसी कारण इसको leading note कहा जाता है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

legato — सहबद्ध (चिह्न)

ऐसा चिह्न जिसके बीच में आए हुए स्वर बिना व्याघात के बजाए जाएं। गज वाले बाजों अर्थात् धनुर्वाद्यों में एक ही गज से बजाए गए स्वरों के ऊपर लगने वाला चिह्न जो इस प्रकार है :—

legerlines — अतिरिक्त रेखाएं

पाश्चात्य स्टाफ स्वरांकन पद्धति में स्वर स्तम्भ के ऊपर अथवा नीचे अंकित लघुरेखाएं जो स्तम्भ की परास से बाहर स्थित ऊंची तथा नीची तारता के स्वरों को प्रदर्शित करने के लिए प्रयुक्त होती हैं।

libretto — गीत गुटका

संगीत नाटिका के गीतों की संग्रह-पुस्तिका।

lute — ल्यूट

(1) एक पाश्चात्य ततवाद्य।

(2) ततवाद्यों की एक कोटि जिसमें तुंबी और गरदन होती है तथा तारों को छेड़कर बजाया जाता है।

lyre — लायर

यूनान देश का एक प्राचीन मुक्ततन्त्री ततवाद्य।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

madrigal — मैड्रिगल

पाश्चात्य ग्रामीण संगीत में सहगान के रूप में प्रयुक्त प्रादेशिक बोली में रचित व लौकिक जीवन से सम्बद्ध गीतरचना का वह प्रकार जो कुछ शताब्दियों पहले बिना वाद्य-संगीत के गाया जाता था।

maestoso — भव्य

गरिमामय (संगीत)।

maestosamente — भव्यतया (निर्देश)

गरिमामय प्रदर्शन का निर्देशक।

major chord — गुरु संघात

षड्ज, शुद्ध गांधार, पंचम और तार षड्ज स्वरों के अनुपात वाला स्वर संघात।

major scale — गुरुमेल

स-रे-ग-म-प-ध-नी-सां स्वरों की वह क्रमबद्ध श्रृंखला जिसमें तीसरे और चौथे अर्थात् ग और म तथा सातवें और आठवें अर्थात् नी और सां के बीच अर्ध स्वरांतराल होते हैं।

(टि० हिन्दुस्तानी संगीत में यह वर्तमान बिलावल या शुद्ध ठाठ है)।

mandolin — मैंडोलिन

एक पाश्चात्य ततवाद्य विशेष।

manual board — कर-पटल

आर्गेन वाद्य का वह कुंजी पटल जो हाथ से नियन्त्रित किया जाता है।

maracas — मराकस

नारियल या बैकोलाइट के बने, हत्थेवाले दो गोले

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

	जिनके भीतर मनके आदि डालकर आवाज पैदा की जाती है।	
marcato	निर्दिष्ट, मारकाटो	
	उल्लिखित स्वरसमूह को विशेष रूप से बलपूर्वक बजाने का निर्देश ।	
march	प्रयाण संगीत, मार्च	
	सैनिक या सामूहिक परेड के साथ प्रयुक्त होने वाला संगीत ।	
martele	सबल	
	तंत्रीवाद्य के तारों पर झटके से प्रहार करते हुए गज चलाने की क्रिया ।	
me	ग, गांधार	
	सप्तक का तीसरा स्वर ।	
measure	कालमान	
	समय, तालखंड या ताल का परिमाण ।	
mediant	तृतीयक स्वर	
	किसी भी ग्राम का तृतीय स्वर जो उसके आरंभिक और पंचम स्वर के मध्य में हो ।	
melodic scale	दे० minor scale	
melody	धुन	
	कर्णप्रिय तथा लयबद्ध संगीत ।	
meno	न्यून	
	लय, प्रबलता, जीवंतता आदि को कम करने के लिए प्रयुक्त निर्देश ।	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

metronome — गतिमापी, मेट्रोनोम

लय-प्रदर्शक यंत्र विशेष जो (दीवाल घड़ी की भांति) दोलक की सहायता से लय और मात्रा को प्रदर्शित करता है।



mezzo — अर्ध

प्रबलता आदि को लगभग आधा करने के लिए प्रयुक्त निर्देश।

microtones — श्रुति

आधे स्वर से कम कोटि (डिग्री) के स्वर।

minim — अर्धांशमात्रिक

पाश्चात्य स्वरांकन पद्धति में आधी मात्रा का सूचक चिह्न जिसका परिमाण एकमात्रिक (सेमीब्रेव) का आधा होता है। इसका चिह्न इस प्रकार है :—

minor chord — लघुसंघात

षड्ज, कोमल गांधार, पंचम और तार षड्ज स्वरों के अनुपात वाला स्वर संघात।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

minor scale — लघुमेल

कोमल गांधार वाला मेल जिसके दो प्रकार हैं :-

(1) हारमोनिक लघुमेल–सा रे ग म प ध नी सां वाला मेल ।

(2) मैलोडिक लघुमेल—सा रे ग म प ध नी सं, सं नि ध प म ग रे सा वाला मेल ।

minuet — मिन्युएट

(1) यूरोप का ग्रामीण नृत्य विशेष ।

(2) वर्तमान पाश्चात्य संगीत कृतियों का त्र्यस्र जातीय अंश विशेष ।

mixed cadence — दे० cadence

mixed voices — मिश्रित आवाजें

स्त्री और पुरुष की स्वाभाविक चारों प्रकार की ध्वनियों का सम्मिश्रण ।

mode — मेल

पाश्चात्य मध्ययुगीन संगीत के विशिष्ट सप्त-स्वरों के अनुक्रम ।

moderato — मध्य लय

मध्यम गति वाली लय जिसमें प्रतिमिनट 108 से 120 तक मात्राएं होती हैं ।

modulation — मूर्च्छना विधान

किसी संगीत रचना में आधार-स्वर-परिवर्तन या षड्ज संक्रमण की वह प्रक्रिया जिसमें इच्छित स्वर-समूह की प्राप्ति के लिए किसी विशिष्ट स्वर का विकृतीकरण अनिवार्य होता है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

molto — अधिक, अति

यह शब्द अधिकता के अर्थ में, प्राय: द्रुतत्व के लिए व्यवहृत होता है जैसे, moto allegro = अति द्रुतलय ।

monochord — एकतंत्री, मोनोकॉर्ड

एक तारवाला उपकरण विशेष जिसमें घुड़च सरकाने की व्यवस्था होती है ।

mordent — सकण स्वर (चिह्न)

एक विशेष प्रकार की मुरकी का सूचक चिह्न विशेष (~), जैसे नी (~) का आशय है नी सं नी या नी ध नी ।



morendo — क्रमिक उपशमन

प्रबलता को धीरे-धीरे कम करते हुए समाप्त करने का संकेत ।

mosso — लयांतर (निर्देश)

लय को द्रुत करते हुए पूर्व लय से भिन्न कर देने का निर्देश ।

motet — मोटेट

चर्च के वृन्दगान की एक विशेष विधा जिसमें मुक्त सहचलन का प्रयोग होता है । यह प्राय: लैटिन भाषा में होती है

motif/motive — अभिप्राय

संगीत रचना की आधारभूत कल्पना ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

motion स्वर संचार

संगीत रचना में स्वरों का संचलन ।
दे० contrary motion, oblique motion, similar motion

mouthpiece मुखिका

मुख से बजाए जाने वाले सुषिर वाद्यों का वह अंश जिसे होंठ और मुख से फूंका जाता है।



movement संभाग

किसी बृहद संगीत रचना का स्वयं में परिपूर्ण एक भाग ।

musica figureta अलंकृत संगीत

(1) मुक्त सहचलन द्वारा सुसज्जित संगीत ।
(2) मध्यकालीन पाश्चात्य संगीत में विभिन्न स्वरालंकारों से सज्जित गीत की सहज रचना ।

musica mensurata मित संगीत

काल परिमाणवद्ध, नपा-तुला, सहचलनयुक्त संगीत ।

musicology संगीतविज्ञान

वह विज्ञान जिसमें संगीत की रचना, प्रयोग तथा सिद्धान्तों का विवेचन होता है ।

mute=sordino मंदीकारक

वाद्य यंत्रों की ध्वनि को कम करने की युक्ति ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

natural — (1) शुद्ध : वह स्वर जो विकृत न हो।
(2) प्रतिवर्तक (चिह्न) : वह चिह्न जिसे स्वर के पूर्व लगाने से विकृत स्वर शुद्ध हो जाता है।

neo-modal — नव-मेल युक्ति
धुन एवं सहस्वरता का आधुनिक प्रचलित नवीनतम प्रकार।

neumes — न्यूमस स्वरांकन पद्धति
नवीं शताब्दी में प्रचलित एक स्वरांकन पद्धति जो आधुनिक पाश्चात्य स्वरलिपि पद्धति का आधार है।

nobile (noble) — निखरा
निखारवाला।

node — निस्पंद
आन्दोलित तार का विश्रांति स्थान।

nonet — नवक (प्रबंध)
(1) नौ ध्वनियों अथवा नौ वाद्यों की रचना।
(2) नौ कलाकारों का समूह।

non troppo — अनतिशय (संकेत)
किसी भी संकेत को अतिशय से पालन न करने का संकेत।

nota cambiata — उल्लंघी स्वरावली
चार स्वरों का समूह जिसमें क्रमश: दूसरा और तीसरा स्वर मूल संघात का विवादी होता है और जिनके बीच के स्वर का लंघन होता है।

notation — (1) स्वरांकन—संगीत को लिपिवद्ध करने की पद्धति या प्रक्रिया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(2) स्वरलिपि : संगीत की अपनी विशिष्ट लिपि।

note स्वर

(1) संगीत की निश्चित तारता वाली ध्वनि की इकाई।

(2) इस निश्चित ध्वनि को दर्शाने वाला लिखित संकेत।

(3) इस ध्वनि को उत्पन्न करने वाला बाजे का परदा।

nut तारदान

तार वाले वाद्यों के अग्रभाग का उठा हुआ वह स्थान जिस पर तार टिके होते हैं और जो घुड़च की विपरीत दिशा में होता है।

nut (of a bow) नट

तंत्री वाद्यों के गज में हाथी दांत या सख्त लकड़ी का बना वह हिस्सा जिसमें बाल फंसे होते हैं और जिसकी सहायता से बालों को कसा या ढीला किया जा सकता है।

obbligato अनिवार्यक

वाद्यवृन्द का वह महत्वपूर्ण अंश-लेख जिसे सामान्यता वृंदवादन के समय छोड़ा नहीं जा सकता। इसका उद्देश्य रचना में सौष्ठव लाना होता है।

oblique motion तिर्यक संचार

सहचलन में मूल धुन की तारता के अनुसार ऊंचे या नीचे होते हुए, सहगामी धुन का एक ही स्वर पर टिके रहना।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

oboe — ओबो

लकड़ी का बना, चाबीदार; दोहरी पत्तीवाला सुषिर वाद्य ।



obstinate bass — दे० **basso ostinato**

octave — (1) सप्तक : सा रे ग म प ध नी—इन स्वरों का समूह ।

(2) द्विगुण स्वर : एक सप्तक ऊंचा स्वर जिसकी आन्दोलन संख्या दुगुनी हो ।

octave note — अष्टम स्वर

किसी स्वर से आठवां ऊंचा या आठवां नीचा स्वर जैसे सा से सां या प से पं ।

octet — अष्टकी

(1) आठ व्यक्तियों अथवा वाद्यों के लिए निर्मित रचना ।

(2) आठ कलाकारों का समूह ।

off beat — विषम घात

ताल में सामान्य से भिन्न स्थान पर बल देने की क्रिया ।

open harmony — विस्तृत सहस्वरता

पियानो-पाठ में सहस्वरता के चारों पाठों के स्वरों का ऐसा विन्यास जिसमें अनुलम्ब दृष्टि से किन्हीं दो स्वरों के बीच में उसी संघात के अन्य स्वरों के प्रवेश की गुंजाइश हो ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

opennote	खुला स्वर मुक्त तंत्री से निकलता हुआ स्वर ।
opera	संगीतिका, आपेरा संगीतप्रधान नाट्य ।
operetta	लघु संगीतिका, आपरेटा संगीतप्रधान एकांकी ।
opus number	रचना संख्या संगीत रचयिता को रचना की क्रम संख्या ।
oratorio	संकीर्तन ऐसा संगीत जिसमें धार्मिक गाथाओं को वृन्दगान के रूप में गाया जाता है ।
orchestra	वाद्यवृन्द, आर्केस्ट्रा समवेत संगीत के प्रस्तुतीकरण के लिए विभिन्न वाद्यों का समूह (पाश्चात्य संगीत में सहस्वरता पर आधारित) ।
orchestration	वाद्यवृंदन वाद्यवृन्द द्वारा बनाई जाने वाली रचना को नियमानुसार सुयोजित करने की कला ।
organ	आर्गन हारमोनियम के आकार का एक बड़ा सुषिर वाद्य जिसमें धौंकनी से उत्पन्न वायु धातु-नलिकाओं में से निकल कर स्वर उत्पन्न करती है ।
organum	सरल सहचलन षड्ज मध्यम अथवा षड्ज पंचम भाव से एक साथ गाने की मध्यकालीन पद्धति ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ornament — अलंकार

गायक अथवा वादक द्वारा स्वरों की विशेष सज्जा तथा प्रयोग ।

ossia — विकल्पक

सुगमता के उद्देश्य से मौलिक प्रबंध में रचनाकार द्वारा किया गया परिवर्तन ।

ostinato — निरन्तर (निर्देश)

लगातार बजाते रहने का निर्देश ।

overblowing — अतिधमन

सुषिरवाद्यों में तारता-परिवर्तन के लिए जोर से फूंक मारना ।

overlapping — उल्लंघन, अतिव्यापन

सहस्वरता के चारों भागों में किसी एक पाठ के किसी स्वर का दूसरे पाठ के किसी स्वर की तारता को पार कर जाना (इसे रचना का दोष माना गया है) ।

overtones — गुणित स्वर, स्वयंभू स्वर

प्रमुख स्वर के अतिरिक्त उसकी दुगनी तिगुनी आदि तारताओं के स्वर ।

overture — पूर्वरंग

संगीतिका अथवा संगीत कार्यक्रम में मुख्य भाग के प्रस्तुतीकरण से पहले प्रस्तुत की जाने वाली रचना ।

pandean pipe (=pan-pipe) — पैन्डियम पाइप

एक प्राचीन सुषिर वाद्य ।

pandora — पैन्डोरा

प्राचीन ततवाद्य विशेष ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

parallel motion — समदिश संचार

सहचलन में दो धुनों का तारता के अनुसार ऊंची या नीची होते हुए समान दिशा में चलना ।

parlando = parlante — वाचिक निर्देश

गायन के बीच किसी अंश को बोलचाल के ढंग पर प्रस्तुत करने का निर्देश ।

partials — गुणित स्वर

देखिए harmonics

parts — अंश, अंशलेख

विभिन्न वाद्यों और वादकों के लिए, सकल संगीत रचना के अलग-अलग लिखित भाग ।

part playing/part singing — अंश वादन/अंश गायन ।

अंश लेख का वादन या गायन ।

part song — (बहु) अंशगीत

दो या दो से अधिक गायकों द्वारा गाया जाने वाला गीत ।

part writing — अंश लेखन

सकल संगीत रचना के लिए, विभिन्न वाद्यों अथवा गायकों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले अलग-अलग भागों को अलग-अलग लिखने की कला ।

passing note — पारक स्वर

किसी स्वरसमूह में तीन क्रमबद्ध स्वरों का मध्यवर्ती स्वर जो संघात के संदर्भ में कुसंघाती होता है ।

pausa (= rest) — विराम

प्रस्तुतीकरण के बीच में लय को खंडित करते हुए कुछ देर के लिए रुकना ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

pause (fermata) — दीर्घकर (चिह्न)

किसी स्वर या विराम स्थल को इच्छानुसार दीर्घ करने अथवा दीर्घ करके रुकने का संकेतक चिह्न।

pedal — पादक

किसी वाद्य की पैर से दबाई जाने वाली युक्ति।

pedal board — पदपटल

आर्गेन वाद्य की पैरों से बजाई जाने वाली स्वर-पट्टिकाओं का पटल।

pedal note (=pedal point) — पाद-स्वर

आर्गेन में पैर के दबाने से उत्पन्न निरन्तर गुंजरित स्वर जो प्राय: धुन का आधार स्वर होता है और कुछ समय के लिए स्वर संघात बदल जाने पर भी गुंजरित रहता है।

pentatonic scale — औडव ग्राम

पांच स्वरों का ग्राम।

perfect cadence — दे० cadence

percussion — आघात वाद्य

ऐसे वाद्य जिनमें हाथ अथवा लकड़ी से आघात करने पर ध्वनि निकलती है।

pesantemente — दृढ़तापूर्वक (निर्देश)

संगीतांश को दृढ़तापूर्वक बजाने का निर्देश।

phrase — स्थाय

धुन की सब से छोटी इकाई।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

phrasing स्थायकरण

धुन में छोटी इकाइयों का विन्यास।

piacere (=pleasure) यथेच्छ (निर्देश)

वाद्यकार को अपनी वांछित लय में संगीतांश प्रस्तुत करने का निर्देश।

piacevole (=agreeable) स्वाभाविक (निर्देश)

गाने-बजाने में सुविधा और मधुरता को ध्यान में रखने का निर्देश।

pianette (=pianino) छोटा पियानो

एक छोटे आकार का पियानो।

piangendo (=weeping) विलाप (निर्देश)

करुणापूर्ण गायन या वादन का निर्देश।

pianissimo अतिमंद (संकेत)

अतिमंद गायन या वादन का संकेत। इसका संकेत चिह्न PPP है।

piano (1) पियानो : एक पाश्चात्य प्रसिद्ध वाद्य।

(2) मंद (संकेत) : धीमी आवाज में गायन या वादन का संकेत।



Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

piano accordion — पियानो एकार्डियन

कंधे पर लटकाया जाने वाला एक वाद्य जिसे दाएं हाथ से उसकी हारमोनियम जैसी पट्टियों को दबाकर और वाएं हाथ से धौंकनी चला कर तथा स्वर संघात के बटनों को दबा कर बजाया जाता है।



piano forte — दे० piano (1)

picollo — पिकोलो

लकड़ी या चांदी की चावीदार बहुत छोटी बांसुरी जिसका परास साधारण बांसुरी से एक सप्तक ऊंचा होता है।

pitch — तारता

स्वरों के ऊंचा व नीचा होने की स्थिति जो आवृति (आन्दोलन संख्या) पर निर्भर होती है।

piu (=more) — आधिक्य (निर्देश)

लय, प्रबलता, जीवंतता आदि को और अधिक सबल करने का निर्देश।

pizzicato — अंगुली से (निर्देश)

गज के स्थान पर अंगुली से बजाने का निर्देश।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

plagal cadence — दे० cadence

plagal modes — गौण मेल

चारों आदि मेलों के पंचम से पंचम तक के मेल ।

plain song — सरल गीत

प्राचीन चर्च संबंधी अथवा अनुष्ठान संबंधी वाद्य-संगीत विहीन, मुक्त लयवाला गान जिसमें सहस्वरता नहीं होती ।

plectrum — जव्वा; मिज़राव

सींग, लकड़ी, हाथीदांत या किसी अन्य धातु का वह टुकड़ा या तार जिससे तंत्री को छेड़कर ध्वनि निकाली जाती है। इसे अंगुलियों में पकड़ा जा सकता है (जव्वा) अथवा अंगुलियों पर पहना जा सकता है (मिज़राव)

poco a poco (little by little) — धीरे-धीरे (निर्देश)

किसी संकेत के क्रियान्वयन को शनैः शनैः सम्पन्न करने का निर्देश ।

point — अग्रक, नोक

गज की नोक ।

polyphony — बहुध्वनिकता

दो या दो से अधिक धुनों का सहमिश्रण जिसमें धुनें एक साथ सहस्वरतापूर्ण होते हुए भी स्वतंत्र होती हैं और अलग अलग गायकों द्वारा प्रस्तुत की जाती हैं ।

polytonality — बहुआधार-स्वरता

सहस्वरता वाले प्रबंध के अलग अलग भागों में अनेक आधार स्वरों का आभास ।

pomposo (=pompously) — वैभवपूर्ण (निर्देश)

शानदार तरीके से प्रस्तुत करने का निर्देश ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ponticello — घुड़च

तंत्री वाद्य का उत्तर मेरु।

portamento — मींड़, सूत

एक स्वर से दूसरे स्वर तक, दोनों स्वरों के बीच की सारी ध्वनियों को छूते हुए पहुंचना ।

portative organ — छोटा ग्रार्गेन, सुवाह्य ग्रार्गेन

छोटा ग्रार्गेन जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक ग्रासानी से ले जाया जा सके ।

position — स्थिति

वाद्यकार के हाथ की ग्रागे या पीछे रहने या ले जाने की स्थिति जिससे वह यंत्र पर विभिन्न स्वर-समूहों को ग्रासानी से बजा सकता है ।

positive organ — बड़ा ग्रार्गेन

दो स्वर-पटलों वाला बड़ा ग्रार्गेन जिसे सुवाह्य ग्रार्गेन की तरह ग्रासानी से इधर-उधर नहीं ले जाया जा सकता ।

postlude — उपसंहार

कार्यक्रम के ग्रंतिम चरण में प्रस्तुत किया जाने वाला संगीत ।

potpourri — गीतगुच्छ, धुनगुच्छ

कई गीतों/धुनों के ग्रंशों को मिलाकर बनाई गई रचना ।

precentor — ग्रग्र गायक, मुख्य गायक

चर्च संगीत का प्रमुख गायक ।

prelude — ग्रारंभिका

मुख्य संगीत रचना के ग्रारंभ ग्रथवा ग्रारंभिक चरण में प्रस्तुत किया जाने वाला संगीत ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

prestissimo द्रुततम

वह लयगति जिसमें प्रति मिनट 208 से अधिक मात्राएं होती हैं ।

presto (=fast) द्रुततर

वह लयगति जिसमें प्रति मिनट 168-208 तक मात्राएं होती हैं ।

prima (=primo) प्रथम

सबसे पहला, जैसे प्रथम प्रबंधांश, प्रथम गायक, प्रथम वार्यलिन वादक इत्यादि ।
Prima स्त्रीलिंग शब्द से पहले तथा Primo पुल्लिंग शब्द से पहले प्रयुक्त होता है जैसे Prima donna, Primo violino

programme music वस्तु संगीत

किसी कथा अथवा भाव रूप पर आधारित संगीत ।

progression वर्धन

रचना में स्वर, स्वरसंघात आदि का आगे बढ़ना ।

proportion समानुपात

स्वरों की आवृत्ति (आन्दोलन संख्या) का पारस्परिक अनुपात ।

psalmody ख्रीटीय भजनशास्त्र

ईसाई भजनों का शास्त्रीय अध्ययन ।

quality (=timbre= tone quality) ध्वनिगुणता, काकु, ताम्वर

ध्वनि का वह गुण जिससे अलग-अलग गायक/वाद्य की ध्वनि की तारता और प्रबलता के एक होते हुए भी प्रत्येक ध्वनि के स्रोत की पहचान हो सके ।

quarter note पादमात्रिक, चतुर्थांश मात्रिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दे० crotchet

quarter tone — श्रुति

दे० microtones

quarduplet — चौबन्ध

चार स्वरों का ऐसा समूह जिस पर त्रिकाल के किसी खंड में एक मात्रा में बजाने के उद्देश्य से निम्न चिह्न लगाया गया हो । :—

4

4

quartet — चतुष्क, चतुर्वृन्द

चार गायकों अथवा वाद्यों का समूह या चार वाद्यों के लिए पाठ ।

quaver — अष्टमांश, अष्टांशमात्रिक

पाश्चात्य संगीत में अष्टमांश मात्राकाल को अभिव्यक्त करने वाला चिह्न जिसका स्वरूप इस प्रकार होता है :—

u intet — पंचक, पंचवृन्द

पांच गायकों अथवा वाद्यों का समूह या पांच वाद्यों के लिए पाठ ।

allentando — क्रमिक विलंबन (निर्देश)

लय को धीरे-धीरे धीमा करने का निर्देश ।

re (ray) — रे, ऋषभ

सप्तक का दूसरा स्वर ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

recapitulation	पुनरावर्तन
	उपज और मूर्च्छना विधान आदि क्रियाओं के बाद मूल वस्तु पर वापिस आ जाना।
recital	प्रस्तुतीकरण, अदायगी
	संगीत आदि प्रस्तुत करने की क्रिया।
recitative	पाठात्मक
	सस्वर पाठवाला संगीत।
recorder	रिकार्डर
	लकड़ी की बनी हुई बिना चाबीवाली मुरली जो आड़ी न रखकर सीधी बजाई जाती है।
reed	पत्ती, रीड, कंपिका
	सुषिर वाद्यों में प्रयुक्त धातु या बांस से बनी पतली पट्टी जिसके कम्पन से ध्वनि निकलती है।
register	स्वर-परास
	विशिष्ट प्रभाव के लिए तारताओं का वांछित परास।
related keys	संबद्ध ग्राम
	किसी मौलिक शुद्ध मेल के आधार स्वर में तीन आधे स्वर कम करने से उत्पन्न लघुमेल अथवा लघुमेल के आधार स्वर को तीन अर्ध स्वर बढ़ाने पर उत्पन्न शुद्ध मेल जो एक ही आधार स्वर चिह्न के अन्तर्गत दर्शाए जाते हैं।
relative pitch	सापेक्ष तारता
	आधार-स्वर के संदर्भ में स्वरों की तारता।
resolution	समाधान
	कुसंघाती स्वरों के कारण उत्पन्न अधीर अवस्था

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

से मुक्ति पाने के लिए नए संघात का अनिवार्य (तथा सहज) प्रयोग ।

resonance — अनुनाद

किसी स्वर के उत्पन्न होने पर उसी आवृत्ति वाले अन्य तारों आदि का झंकृत स्वर ।

rest — विश्राम

संगीत में किसी स्थल पर निश्चित मात्राओं के लिए निस्तब्ध विराम की अवधि ।



retardando (=rallentando) — दे० rallentando

rhapsody — रैप्सोडी

ऐसी वाद्य रचना जिसका रूप काफी कुछ अनियमित होता है ।

rhythm — छंदगति

संगीत का वह पक्ष जो कालतत्व को अभिव्यक्त करता है ।

romantic (period) — रूमानी (युग)

पाश्चात्य संगीत में अठारहवीं शताब्दी के अन्त और उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भ का काल ।

rondo — रोन्डो

संगीत रचना की शैली विशेष जिसमें एक प्रमुख विषय को सामने रखकर अन्य विषयों को प्रस्तुत करते हुए फिर उसी विषय को दोहराया जाता है ।

root note — मूल स्वर

स्वर-संघात का आधार-स्वर ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

rubato लय विलास (निर्देश)

एकल प्रस्तुतकर्ता द्वारा, निर्दिष्ट लय के बन्धन से हटकर, निर्धारित कालावधि में स्वछन्द लयव्यवहार।

sautille झंप

वायलिन आदि साज़ों पर गज को उछालकर बजाना।

saxophone सेक्सोफोन

पीतल का बना सुषिर वाद्य।

scale मेल, ठाठ

सप्तक के स्वरों का क्रमिक आरोह-अवरोह। दे० major scale, minor scale, harmonic scale, melodic scale.

scordature अपस्वरण

विशिष्ट प्रभाव उत्पन्न करने के लिए वाद्यों को बेसुरा या प्रचलित ढंग से अलग मिलाना।

score प्रबंध पाठ, प्रबंध लेख

किसी लिखित रचना में अनेक अलग-अलग पाठांशों का समग्र संग्रह।

scoring प्रबंध लेखन

(1) प्रबंध पाठ लेखन-कला।

(2) विभिन्न पाठांशों को एक ही जगह लिखना।

secondo द्वितीय

दूसरा, जैसे दूसरा प्रबंधांश, दूसरा गायक, दूसरा वायलिन या पियानो-वादक, इत्यादि।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

segno — पुनरावर्तक चिह्न

पुनरावृत्ति का संकेतक चिह्न। रचना के जिस अंश की पुनरावृत्ति अपेक्षित हो उसके आरम्भ में आने पर इस चिह्न को dal segno और अन्त में आने पर al segno कहते हैं।

segue — तत्पर (निर्देश)

आगामी अंश को तुरत गाने या बजाने के लिए तैयार रहने का निर्देश।

semibreve — एकमात्रिक

आधुनिक समय में पाश्चात्य संगीत का सर्वाधिक लम्बा स्वर जो एक मात्रा के बराबर होता है। इसे रेखा स्वरलिपि में इस तरह लिखा जाता है :—

semiquaver — षोडशांशमात्रिक

एकमात्रिक का सोलहवां भाग। इसे रेखा स्वरलिपि में इस तरह लिखा जाता है :—

semitone — अर्धस्वरक

स्वरक का आधा भाग। यह पाश्चात्य संगीत के समायोजित ग्राम का सब से छोटा स्वरान्तराल है।

semplice — सरल (निर्देश)

अनावश्यक भावों का प्रयोग न करने का निर्देश।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

sempre — निरन्तर (निर्देश)

स्वरलिपि में अंकित संकेत का पालन उस संकेत का निराकरण न होने तक करते रहने का निर्देश । यह निर्देश किसी संकेत के पूर्व लगाया जाता है ।

senza — वर्जन, बिना (निर्देश)

किसी क्रिया को समाप्त करने अथवा किसी युक्ति को हटाने का निर्देश । यह शब्द (अर्थात् "senza) उक्त क्रिया अथवा उक्त युक्ति के प्रयोग के निर्देशक शब्द के पहले लिखा जाता है ।

septet — सप्तवृन्द

सात गायकों अथवा वाद्यों का समूह ।

sequence — अनुक्रम

स्वर-समूहों या स्वर-संघातों की श्रृंखला का क्रमिक आरोहण या अवरोहण ।

sextet — षट्क, षड्वृन्द

छह गायकों या वाद्यों का समूह ।

sextolet (=sextuplet) — षड्बंध

छह स्वरों का ऐसा समूह जिस पर सरल काल की एक मात्रा में बजाने के उद्देश्य से चिह्न लगाया गया हो ।

sfogato — मृदुता (निर्देश)

प्रस्तुतीकरण में कोमलता लाने का निर्देश ।

sforzando — सबलता (चिह्न)

किसी एक स्वर या स्वर-संघात पर विशेष बल देने का संकेत जो निम्न प्रकार का होता है :—

sfz

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

shake-trill — ज़मज़मा (चिह्न)

किसी मुख्य स्वर में आगामी स्वर की निरन्तर कन देने की प्रक्रिया तथा इसका चिह्न।

sharp — शार्प, तीव्र

शुद्धावस्था से आधा स्वर चढ़ाकर विकृत किया गया स्वर। इसका चिह्न पाश्चात्य संगीत में इस प्रकार है :—

♯

short score (piano part) — संक्षिप्त पाठ, पियानो पाठ

संगीत रचना का ऐसा एक साथ लिखा हुआ पाठ जिसमें स्वरलिपि रेखाओं के दो समूहों को बंधनी से आवद्ध किया जाता है।

si=te — नि, निषाद

सप्तक का सातवां स्वर।

sight reading — लिपि-पठन

रेखा स्वरलिपि पर अधिकार पाने के लिए अभ्यास करना।

signature tune — पहचान धुन

कार्यक्रम आरम्भ होने से पूर्व प्रस्तुत की जाने वाली वह विशिष्ट धुन जो कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले माध्यम (संस्था आदि) की परिचायक होती है।

similar motion (=parallel motion) — समदिश संचार

किसी धुन के दो ऐसे अंशों का सह चलन जिन दोनों का क्रम एक जैसा हो अर्थात् या तो दोनों आरोह क्रम में हों या अवरोह क्रम में।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

simile — यथापूर्व (निर्देश)

किसी टुकड़े को पहले की तरह प्रस्तुत करने का निर्देश।

simple time — सरल काल

पाश्चात्य संगीत के वे कालमान जिनका हर खंड दो से विभाजित हो सके।

sixth — षष्ठ

स्वर संदर्भ या सहस्वरता में प्रयुक्त होने वाले किसी स्वर का व उससे ऊंची ध्वनि वाले छठे स्वर का पारस्परिक ध्वन्यंतराल।

slide — स्लाइड

(1) घसीट।

(2) धातु के सुषिर वाद्यों का भाग विशेष जो नलिका की लम्बाई को घटा-बढ़ा कर विभिन्न स्वरों को निकालने के लिए प्रयुक्त होता है।

slide trombone — स्लाइड ट्रोम्बान

चाबी रहित सुषिर वाद्य विशेष।



slur — समास चिह्न

एक गज में बजाए जाने या एक सांस में गाए जाने वाले स्वर समूह के परास का द्योतक चिह्न जो इस प्रकार है :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

soh (sol) — प, पंचम

सप्तक का पांचवां स्वर।

solfeggio — सरगम अभ्यास

(1) सरगम के स्वरों का अभ्यास।

(2) किसी धुन को सरगम के माध्यम से व्यक्त करना।

solmization — सरगम गान

सरगम में गाने की क्रिया।

solo — एकल

(1) किसी एक गायक या वादक के लिए निर्धारित रचना या उसका कोई अंश।

(2) एक ही गायक या वादक द्वारा प्रस्तुति।

solo recital — दे० solo (2)

sonata — सोनाटा

वादन के निमित्त बनाई गई रचना विशेष।

so prano — उच्चतम परास

नारी कंठ अथवा कुछ विशेष वाद्यों की ऊंची ध्वनि का परास।

sordino — उपशामक

दे० mute

sostenuto (=tenuto) — स्थिरीकरण (निर्देश)

किसी स्वर को निर्दिष्ट समय तक जारी रखने का निर्देश।

sotto — अतिमंदन (निर्देश)

ध्वनि को अत्यधिक मंद करने का निर्देश।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

sound board — अनुनाद पटल

पियानो, आर्गेन या हार्प जैसे यंत्रों का लकड़ी का वह तख्ता जिस पर तंत्रियां लगी रहती हैं।

sound hole — ध्वनि विवर, ध्वनि विदर

तंत्रवाद्यों की तबली पर (f) आकार का कटाव।

sound post — ध्वनि स्तंभिका

वायलिन प्रकार के वाद्यों की तबली तथा पीठ के मध्य में सीधा खड़ा एक बेलनाकार लकड़ी का टुकड़ा।

space — रेखांतर

रेखा स्वरलिपि में किन्हीं दो रेखाओं के बीच का अवकाश।

spiccato — उच्छलित (संकेत)

धनुर्वाद्यों को बजाते समय गज को इतनी तेजी से चलाने का संकेत कि वह उछलने लगे ताकि स्वरों में तीव्र गति से अबद्धता आ जाए।

spinet — स्पिनेट

हार्पसीकार्ड का आद्य रूप।

spiritoso — सोत्साह (निर्देश)

उत्साहसहित प्रस्तुत करने का निर्देश। spirito का अर्थ है उत्साह।

staccato — खड़ा स्वर (चिह्न)

स्वर को पूरी मात्रावधि तक न बजा कर चौथाई, आधी या तीन चौथाई अवधि तक बजाने का निर्देश। इस प्रकार बजाया गया स्वर अगले स्वर से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अलग हो जाता है। इस निर्देश का चिह्न स्वरों के ऊपर लगाया जाता है।

staff — दे० stave

staff notation — रेखा स्वरलिपि

स्वरांकन की वह पद्धति जिसमें स्वर चिह्न रेखाओं और उनके अवकाशों (रेखांतरों) में कालावधि सहित दिखाए जाते हैं।

stave (=staff) — स्वरलिपि रेखाएं

स्वरांकन के लिए प्रयुक्त पांच समानान्तर रेखाएं।



string — तंत्री

वाद्यों में प्रयुक्त तांत, रेशम, या धातु के बने हुए तार जिनमें कम्पन पैदा करके ध्वनि उत्पन्न की जाती है।

stringendo — उत्तेजन (निर्देश)

लय व प्रवलता को क्रमशः बढ़ाने का निर्देश।

string orchestra — धनुर्वाद्यवृन्द

समवेत संगीत के प्रस्तुतीकरण के लिए केवल गज से वजने वाले विभिन्न वाद्यों और वादकों का समूह।

subdominant — चतुर्थक

सप्तक का चौथा स्वर

subdominant chord — दे० **cadence, mixed**

subject (=theme) — प्रधानांग

संगीत रचना का वह प्रधान स्वरबिम्ब जिसका आगे विस्तार किया जाता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

submediant	षष्ठक
(=super dominant)	सप्तक का छठा स्वर ।
sul ponticello	घुड़च तक (निर्देश)
	गज को यथासंभव घुड़च के पास ले जाकर बजाने का निर्देश ।
	दे० bridge
	दे० ponticello
summational tone	संकलित (यौगिक) अनुनाद
	दो प्रबल निनादित स्वरों के सह-अनुनादस्वरूप सुनाई देने वाला सूक्ष्म नाद जो दोनों मूल स्वरों में होने वाले आन्दोलनों के योग के फलस्वरूप होता है ।
super dominant	दे० submediant
super tonic	द्वितीयक स्वर
	किसी मेल का द्वितीय स्वर ।
sympathetic	अनुकंपी
	अनुनाद के कारण उत्पन्न आन्दोलन, ध्वनि सहनाद आदि ।
symphony	सिंफनी
	एक विस्तृत गम्भीर वाद्यवृन्द रचना जिसके प्रायः तीन-चार भाग होते हैं । यह प्रायः सोनाटा रूप में होता है ।
syncopation	लय-वैषम्य
	रचना में लय का असमान रूप जिसके फलस्वरूप बलाघात का स्थल परिवर्तित हो जाता है ।
tacent	निष्क्रियता (निर्देश)
	गायक या वादक विशेष को निष्क्रिय रहने का निर्देश ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

tambourine — खंजरी

एक प्रकार का तालवाद्य जो हल्के-फुल्के नृत्य के साथ प्रयोग में लाया जाता है ।

tango — टैंगो

एक प्रकार का नृत्य संगीत ।

te=si — नि, निषाद

सप्तक का सातवां स्वर ।

temperament — अन्तराल समायोजन, सामांतरालन

पाश्चात्य संगीत में पियानो, आर्गेन आदि वाद्यों में सहस्वरता की दृष्टि से स्वर-स्थापन की वह विधि जिसमें स्वर अपने स्वाभाविक स्थान से थोड़ा हटाए जाते हैं ।

teneramente — कोमलतर (निर्देश)

अधिक मृदुता के साथ गाने-वजाने का निर्देश ।

tenor — पुंमुच्च परास

पुरुष-कंठ अथवा कुछ विशेष वाद्यों की ऊंची ध्वनि का परास ।



tenuto — दे० sostenuto

tetra chords — अर्ध-अष्टक

दिसी भी गुरु और लघुग्राम के स से म अथवा प से सं तक के भाग ।

tierce de picardie — गुरु अन्त

लघुग्राम रचना को अधिक आकर्षक बनाने के लिए अंत में स ग॒ प के स्थान में स ग प के स्वर-संघात का प्रयोग ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

timbre — दे० tone

tonality — आधार स्वरता

किसी धुन के स्वरों और स्वर-संघातों का मूल स्वर से संबंध होने की स्थिति।

tone — 1. स्वरक 2. स्वरांतराल 3. ध्वनिगुणता

(1) संगीतमय ध्वनि।

(2) दो स्वरों के बीच का अन्तर जैसे स से रे के बीच का अन्तराल।

(3) अनुनाद

दे० harmonics, overtones, summational tone.

tonguing — तुत्कार

सुषिर वाद्यों को जिह्वा के योग से इस तरह बजाना कि स्वरों में अवद्धता आ जाए।

tonic — प्रथम स्वर

किसी गुरु अथवा गुरु मेल का वह स्वर (स) जिसे आधार मानकर अन्य स्वरों की स्थापना की गई हो।

touche — दे० finger board

tranquillo — सहज (निर्देश)

रचना के किसी भाग को सहज-शांत भाव से प्रस्तुत करने का निर्देश।

transition — संक्रमण

अल्पाकलिक मूर्च्छना के प्रयोग से मेल परिवर्तन की क्रिया।

transposition — स्वर स्थानान्तरण

किसी स्वर-गुच्छ को, आधार स्वर बदल कर, दोबारा लिखना, गाना, बजाना।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

tremolo — अतिद्रुत चालन

एक स्वर को बहुत ही जल्दी-जल्दी दोहराना जिस से कम्प का आभास हो ।

triad — त्रिस्वर

एक, तीन, पांच क्रम से तीन स्वरों का समूह ।

triangle — ट्राएंगल

त्रिकोण के आकार में मुड़ी हुई लोहे की छड़ जिसे एक छोटी लोहे की छड़ी से बजाया जाता है ।

trio — त्रिक्, तिकड़ी

तीन गायकों अथवा वाद्यों का समूह या उनके लिए पाठ ।

triplet — त्रिवंध (चिह्न)

तीन स्वरों का ऐसा समूह जिस पर सरल काल की एक मात्रा में बजाने के लिए चिह्न लगाया गया हो ।

triple t ime — त्र्यस्र काल

पाश्चात्य संगीत के वे कालमान जिनके हर खंड में तीन अर्धांशमात्रिक (minim) या तीन चतुर्थांशमात्रिक (crotchet) या तीन अष्टांशमात्रिक (quaver) इत्यादि हों ।

tritone — त्रिस्वरक

तीन पूर्ण स्वरों का अन्तराल जो चौथे तक पहुंचे जैसे ग से ध या सा से म ।

troppo — अतिशय (संकेत)

किसी भी संकेत को अतिशयता से पालन करने का संकेत । प्रायः इसका प्रयोग नकारात्मक रूप में होता है ।

दे० **non troppo**

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

trumpet — ट्रंपेट

तीन कपाट (वाल्व) वाला धातुनिर्मित सुषिर वाद्य ।

tune — धुन

स्वरों का प्रभावकारी अनुक्रम ।

tuning — समस्वरण

स्वर मिलाना ।

tuning fork — स्वरित्र द्विभुज

दो भुजाओं वाला एक धातुनिर्मित यंत्र जो एक निर्दिष्ट आन्दोलन संख्या के स्वरोत्पादन के लिए प्रयुक्त होता है ।



turn — खटका, वलि

किसी स्वर का उससे ऊंचे और निचले स्वर के साथ प्रयुक्त कन जो इस प्रकार होता है :-

~

tutti — सार्व (निर्देश)

किसी संगीत रचना में एकल वादन इत्यादि को समवेत वादन का निर्देश ।

una corda — इकतारा

एक ही तार वाला वाद्ययंत्र ।

unessential note — अनावश्यक स्वर

वह स्वर जो आधारिक सुस्वरता का अंग न हो ।

unison — एकस्वरता

एक ही तारता के दो स्वरों का एक साथ प्रयोग ।

6—360Edu&Cul/84

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

up beat — अप्रघात

किसी ताल-खंड की बलाघातहीन मात्रा ।

up bow — वामचालन (चिह्न)

गज से बजाए जाने वाले वाद्य की तंत्री पर बांए हाथ की तरफ गज चलाने का संकेत ।

valse (=waltz) — वाल्ज़

19वीं शताब्दी की एक प्रसिद्ध नृत्य एवं वाद्य संगीत रचना जिसके एक खंड में तीन मात्राएं होती थीं ।

variation (s) — विस्तरण

लय, स्वर विन्यास, सहस्वरता या आधार-स्वर में परिवर्तन अथवा अलंकरण करते हुए मूल धुन का दोहराव ।

verse — एकलांग

वृन्दगान का वह भाग जो सहगान के लिए न होकर एकल गान के लिए हो ।

vibrato — प्रकंपन

भाव-प्रस्तुतीकरण के लिए स्वर को विशेष ढंग से कँपाना ।

viola da gamba — वियोला-डा-गाम्बा

एक वाद्य विशेष जो आकार में वायलिन से कुछ ही बड़ा होता है और तारता में पांच स्वर नीचा मिलाया जाता है ।

(violin family भी देखिए)

violin — वायलिन, बेला

वायलिन परिवार का मुख्य वाद्य जो आकार में इस परिवार का सबसे छोटा वाद्य होता है ।

(दे० violin family)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

violin family — बेला वाद्य परिवार

पश्चात्य धनुर्वाद्यों का एक वर्ग विशेष जिसमें वायलिन, वियोला, चैलो और डबलवास आते हैं। इन वाद्यों में चार तार होते हैं और इनकी आकृति एकसमान होती है, अन्तर केवल साइज और तारता में होता है।



vivace — जीवंत (निर्देश)

अत्यधिक जोश के साथ बजाने का निर्देश।

voice — (1) कंठ : गायक की ध्वनि।

(2) अंश (parts)।

wind band — सुषिरवृन्द

फूंक से बजने वाले वाद्यों का वृन्द।

wolf — कटुस्वर (नोट)

आन्दोलन संख्या की अनियमितता से उत्पन्न अप्रिय स्वर।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

xylophone काष्ठतरंग, ज़ाइलोफोन



एक वाद्ययंत्र जिसकी लकड़ी की चपटी पट्टियों पर आघात करने से स्वर निकलते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिंदी-अंग्रेजी पर्याय सूची

अंकांतर संगीत	entracte
अंगुलि-चालन	fingering
अंगुलि-पटल, दांडी, दांड	finger board
अंगुलि से (निर्देश)	pizzicato
अंतराल-समायोजन, समांतरालन	temperament
अंत	fine
अंतिमांश	finale
अंतः संगीत, मध्यवर्ती संगीत	interlude
अंत्यांश	ending
अंश	1. voice 2. part
अंश गायन	part playing/part singing
अंशगीत	part song
अंशलेख	part
अंश लेखन	part writing
अंश-वादन	part playing
अंश-स्वर	partials
अग्रक, नोक	point
अग्र गायक, मुख्य गायक	precentor
अति-द्रुत चालन	tremolo
अतिमंदन (निर्देश)	sotto
अति, अधिक	molto
अति, असाई	assai
अतिधमन	over-blowing
अतिमंद (संकेत)	pianissimo
अतिव्यापन, उल्लंघन	overlapping

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अति-विलंबित	largo
अतिरिक्त रेखाएं	leger-lines
अतिशय (संकेत)	troppo
अतीव विलंबित	grave
अदाजिओ, विलंबित	adagio
अदायगी, प्रस्तुतीकरण	recital
अधिक, अति	molto
अधिस्वरक, स्वयंभू स्वर	overtone
अनतिशय (संकेत)	non troppo
अनावश्यक स्वर	unessential note
अनिवार्यक	obligato
अनिवार्य स्वर	essential note
अनुकंपी	sympathetic
अनुक्रम	sequence
अनुगुणित स्वर	flagcolet note
अनुनाद	resonance
अनुनाद-पटल	sound board
अनुरूपता, संवादिता, सह-मधुरता	consonance
अपक्रमिक संचार	disjunct motion
अपस्वरण	scordature
अपूर्ण मुक्ताय	half close = (half cadence =imperfect cadence)
अप्रघात	up beat
अबद्ध (निर्देश)	detache
अभिप्राय	motif/motive
अभ्यास कृति	etude
अर्ध	mezzo
अर्ध-अष्टक	tetra chords
अर्ध मुक्ताय	imperfect cadence
अर्ध स्वरक	semitone
अर्धांशमात्रिक	minim
अलंकार	ornament

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अलंकृत संगीत	musica figurata
अल्प-विराम (चिह्न)	comma
अवकल अनुनाद	differential tone
अवतरणिका संगीत	entree
अवनद्ध वाद्य	drum
अवमंदक	damper
अवमंदक पदिक	damper pedal
अवमंदन (संकेत)	calando
असाई, अति	assai
अष्टकी	octet
अष्टम स्वर	octave note
अष्टमांश, अष्टांशमात्रिक	quaver
आंग्ल गिरजा गीत	anglican chant
आंदोलन संख्या	frequency
आकस्मिक	accidental
आघात	accent
आघात-वाद्य	percussion instrument
आदि मेल	authentic modes
आदितः आवृत्ति (संकेत)	da capo
आधारक	key
आधार धुन, मूल धुन	canto fermo (=cantus fermus)
आधार-स्वर, केन्द्र-स्वर	key note (=tonic note)
आधार-स्वरता	tonality
आधार-स्वर-हीन	atonal
आधिक्य (निर्देश)	piu (=more)
आपरेटा, लघु संगीतिका	operetta
आपेरा, संगीतिका	opera
आरंभिका	prelude
आर्केस्ट्रा	orchestra
आरिया	aria
आरियेटा	arietta

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आर्गेन	organ
आशु-प्रबंध	impromptu
इकतारा	una corda
उच्चतमक	soprano
उच्छलित (संकेत)	spiccato
उत्तर-मेरु	bridge
उत्तेजन	agitato
उत्तेजन (निर्देश)	strigendo
उपज	extemporization (=improvisation)
उपशामक	sordino
उल्लंघन, अतिव्यापन	overlapping
उल्लंघी स्वरावली	nota cambiata
उपसंहार	postlude
ऊर्जस्वित, जोशीला	animato
ऋषभ, रे	re (ray)
एओलियन हार्प	Aeolian harp
एकतंत्री, मोनोकार्ड	monochord
एकमात्रिक	semi-breve
एकल	solo
एकल-प्रधान प्रस्तुति	concerto
एकलांग	verse
एकस्वरता	unison
एफेतुओसो, सुकुमार	affettuoso
एंटिफोन, प्रतिगान	antiphon
ओबो	oboe
औडव ग्राम	pentatonic scale
कंट्राल्टो, स्त्री-मंद्रक	contralto
कंठ, गायक की ध्वनि	voice
कंपिका, पत्ती, रीड	reed
कटु-स्वर (नोट)	wolf
कण स्वर, कन	grace note

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर घंटिकावली	hand bells
कर-पटल	manual board
करुणा (संकेत)	dolorose
कर्ण-कटुता	discord
कांट्रा बास	contra bass (=double bass)
काकु, ध्वनिगुणता (=ताम्बर)	quality (= timbre)
कालखंड	beat
कालमान	measure
कालाघात	agogic accent (=dynamic accent)
काष्ठ तरंग, जाइलोफोन	xylophone
कृत्रिम स्वरण	falsetto
केन्द्र-स्वर, आधार-स्वर	key note (=tonic note)
के साथ, से (निर्देश)	colla
केरोल, (ईसाई) पर्व-गीत	carol
केस्टोनेट्स	castanets
कोमलतर (निर्देश)	teneramente
कोमल, मृदु, फ्लैट	flat
(क्रम) स्थिति	degree
क्रमागत पंचम, अष्टम	consecutive 5th, 8th
क्रमिक उपशमन	morendo
क्रमिक विलंबन (निर्देश)	rallentando
क्रमिक संचार	conjunct motion
क्लैरिओनेट	clarionet
खटका, वलि	turn
खड़ा स्वर (चिह्न)	staccato
खुला स्वर	open-note
ख्रीष्टीय भजन-शास्त्र	psalmody
गज चलाना, धनु चलाना	bowing
गज, धनु	bow
गज से (निर्देश)	arco
गतिमापी, मेट्रोनोम	metronome

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गांधार, मी	me
गाइगन	geige (n)
गाथा	ballad
गाथा संगीतिका	ballad opera
गान, गेय रचना	cantata
गायक-वादक समूह	ensemble
गायक-वृंद	choir
गिटर्न	gittern
गीत-गुच्छ, धुनगुच्छ	potpourri
गीत-गुटका	libretto
गुणित स्वर	harmonics
गुणित स्वर-श्रेणी	harmonic series
गुरु अंत	tierce de picardie
गुरु-संघात	major chord
गेय रचना, गान	cantata
गेमशार्न	gemshorn
गैम्बा	Gamba
गैलप	galop
गौण मेल	plagal modes
ग्राम्यगीत	idyll
ग्रेगरीय संगीत	Gregorian chant
ग्रेगरीय स्वरक	Gregorian tones
घंटा	bell
घंटिकावली	chime bells
घड़ियाल	gong
घात	beat
घुड़च	bridge, ponticello
घोड़ी	bridge, ponticello
चतुरस्र काल-मान	common time
चतुर्थ अंतराल	fourth interval
चतुर्थक	subdominant

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चतुर्थांश-मात्रिक, पाद-मात्रिक	(1) crotchet (=quarter)
	(2) quarter note
चतुर्वृन्द, चतुष्क	quartet
चेलो	cello (=violin cello)
चैंबर संगीत	chamber music
चौबंध	quarduplet
छंदगति	rhythm
छोटा आर्गेन, सुवाह्य आर्गेन	portative organ
छोटा पियानो	pianette (=pianino)
छोटी बांसुरी	fife
जमजमा (चिह्न)	shake-trill
जवाब	answer
जव्वा, मिजराव	plectrum
जाइलोफोन, काष्ठ-तरंग	xylophone
जीवंत (निर्देश)	vivace
जुगल बंदी, युगल बंदी	duet (=duo)
जैज	jazz
जोशीला, ऊर्जस्वित	animato
झंप	sautille
टैंगो	tango
ट्रंपेट	trumpet
ठाठ, मेल	scale
डायाटोनिक ग्राम	diatonic scale
डेस्कांट	descant
डोल, दोल	beat
ढोल	drum
तंत्री	string
तत्पर (निर्देश)	segue
तबली	belly
ताम्बर, काकु, ध्वनिगुणता	quality (=timbre)
तारता	pitch
तारदान	nut

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तिकड़ी, त्रिक	trio
तिर्यक् संचार	oblique motion
तीव्र, शार्प	sharp
तुत्कार	tonguing
तुरही, तूर्य, तूर्यवाद्यवर्ग	brass
तूर्य-घोष	fan fare
तूर्य-वृंद	brass band
तृतीयक स्वर	mediant
त्र्यस्र ताल	triple time
त्र्यस्रजातीय ताल, त्रिकाल-ताल	compound time
त्रिक, तिकड़ी	trio
त्रिकाल-ताल, त्र्यस्रजातीय ताल	compound time
त्रिबंध (चिह्न)	triplet
त्रिस्वर	triad
त्रिस्वरक	tritone
त्वरण (निर्देश)	affrettando
दक्षिण-चालन (संकेत)	down bow
दांडी, दांड, अंगुलि-पटल	finger board
दीर्घकर (चिह्न)	pause (fermata)
दोल (डोल)	beat
दृढ़तापूर्वक (निर्देश)	pesante mente
द्रुततम	prestissimo
द्रुततर	presto (=fast)
द्रुतालंकार	coloratura (=figurata)
द्वादश स्वरग्राम	chromatic scale
द्विअंगी रूप	binary form
द्वि-आधार-स्वरता	bitonality
द्विगुण स्वर	octave
द्वितीय	secondo
द्वितीयक स्वर	super tonic
द्वि-तुत्कार	double tonguing

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्विबंध	duplets
द्विमात्रिक	breve
द्वि-रेखा	double bar
द्विशः कोमल	double flat
द्विशः तीव्र	double sharp
धनु, गज	bow
धनु चलाना, गज चलाना	bowing
धनुर्वाद्यवृन्द	string orchestra
धातुपट्टतरंग	gloken-spiel
धार्मिक गीत	chant
धीर (लय)	giusto
धीरे-धीरे (निर्देश)	poco-a-poco
धुन	(1) melody (2) tune (3) air
धुनगुच्छ, गीतगुच्छ	potpourri
धौंकनी	bellow
ध्वनिगुण	tone
ध्वनिगुणता, काकु, ताम्बर	quality (=timbre)
ध्वनि-परास	compass
ध्वनि-मंदक (संकेत)	decrescendo (=dimnuendo)
ध्वनि-मंदन (संकेत)	diminuendo
ध्वनि-वर्धन (संकेत)	crescendo
ध्वनि-विवर, ध्वनि-विदर	sound hole
ध्वनि स्तंभिका	sound post
नट	nut (of a bow)
नवक (प्रबंध)	nonet
नव-मेल युक्ति	neo-modal
नाम भेद-अंतराल	enharmonic interval
नि, निषाद	si (=te)
निखरा	nobile (=noble)
निम्नतम स्वर	bass note
निरंतर (निर्देश)	ostinato; sempre
निरंतरता संकेत	attacca

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निरपेक्ष तारता	absolute pitch
निरपेक्ष संगीत	absolute music
निर्दिष्ट, मारकाटो	marcato
निर्देशन	conducting
निस्पंद	mode
निष्क्रियता (निर्देश)	tacent
नृत्य-रूपक, बैले	ballet
नोक, अग्रक	point
न्यास	final
न्यून	meno
न्यूम्स स्वरांकन पद्धति	Neumes
प (पंचम)	soh (sol)
पंचक, पंचवृन्द	quintet
पंचम (अंतराल)	fifth (interval)
पंचमक	dominant
पंचम (प)	soh (sol)
पंचवृन्द, पंचक	quintet
पत्ती, रीड, कंपिका	reed
पद-पटल	pedal board
परदा	1. key
	2. fret
परास-सूचक (चिह्न)	clef
(ईसाई) पर्व गीत, करोल	carol
पहचान-धुन	signature tune
पाठात्मक	recitative
पादक	pedal
पाद-मात्रिक, चतुर्थांश-मात्रिक	1. quarter note
	2. crotchet (=quarter)
पाद-स्वर	pedal note (=pedal point)
पारक स्वर	passing note
पिकोलो	picollo
पियानो	piano

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पियानो पाठ, संक्षिप्त पाठ	short score (=piano part)
पुंमंद्रक	bass
पुंमंद्र-मध्यक, बास बैरीटोन	bass baritone
पुंमध्यक	baritone
पुनः पुनः	encore
पुनरावर्तक (चिह्न)	segno
पुनरावर्तन	recapitulation
पुंमुच्चक	tenor
पूर्ण मुक्ताय	perfect cadence
पूर्व रंग	overture
पृष्ठ-नाद	drone
पैंडियन पाइप	pandean pipe (=panpipe)
पैंडोरा	pandora
प्रकंपन	vibrato
प्रघात	down beat
प्रतिगान, ऐंटिफोन	iantn pho
प्रतिपादन	exposition
प्रतिलोमीकरण	al rovescio
प्रतिवर्तक (चिह्न)	natural
प्रत्याशा	anticipation
प्रथम	prima (=primo)
प्रथम स्वर	tonic
प्रधानांग	subject (=theme)
प्रबंध-पाठ, प्रबंध-लेख	score
प्रबंध, बंदिश	composition
प्रबंध लेखन	scoring
प्रभाती	aubade
प्रयाण-संगीत, मार्च	march
प्रवाही सहचलन	florid counter-point
प्रविलंबित	larghetto
प्रस्ताविक संगीत	introduction
प्रस्तुतीकरण, अदायगी	recital

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रासंगिक संगीत	incidental music
फिडल, वेला, वायोलिन	fiddle
फोलिया	folia
फ्यूग	fugue
फ्यूगेटा	fuguetta
फ्रेंच हार्न	French horn
फ्लैंज्योलेट	flageolet
फ्लैट, कोमल, मृदु	flat
बंदिश, प्रबन्ध	composition
बंधनी	brace
बड़ा आर्गन	positive organ
बत्तीसवां अंग	demi semi-quaver
बसून	basson
बहु-आधार-स्वरता	polytonality
बहु ध्वनिकता	polyphony
बाजा, वाद्य	instrument
बास	bass
बास क्लेरिओनेट	bass clarionet
बिंदु	dot
बिगुल	bugle
बिना, वर्जन (निर्देश)	senza
बेला, फिडल, वायोलिन	fiddle
बेला-वाद्य-परिवार	violin family
बेला, वायलिन	violin
बैंजो	banjo
बैंड	band
बैरीटोन	baritone
बैले, नृत्य रूपक	ballet
बोलेरो	bolero
भव्य	maestoso
भव्यतया (निर्देश)	maesto samente
म (=मध्यम)	fa (=fah)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मंद (संकेत)	piano
मंदीकारक	mute (=sardino)
मंदीकारक से (निर्देश)	con sordino
मंद्र परास-चिह्न	bass clef (f clef)
मंद्र-भरित ध्वनि	chest voice
मध्य द्रुत	allegro
मध्य लय	moderato
मध्यवर्ती संगीत, अंतः संगीत	interlude
म (मध्यम)	fa (=fah)
मध्य-विलंबित	andante
मराकस	maracas
मशक-बीन	bagpipe
मारकाटो, निर्दिष्ट	marcato
मार्च, प्रयाण-संगीत	march
मिजराब; जव्वा	plectrum
मित संगीत	musica mensurata
मिन्युण्ट	minuet
मिश्र मुक्ताय	mixed cadence
मिश्रित आवाजें	mixed voices
मी (=गांधार)	me
मीड़, सूत	glissando, portamento
मुक्ताय, उपांतक	cadence (close)
मुखिका	mouth-piece
मुख्य गायक, अग्र गायक	precentor
मूर्च्छना विधान	modulation
मूल धुन, आधार धुन	canto fermo (=cantus fermus)
मूल स्वर	root note
मृदु	1. cantabile 2. flat (कोलम, फ्लैट)
मृदुता (निर्देश)	sfogato
मृदुता (संकेत)	dolce
मेल (=ठाठ)	mode, scale

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मैंडोलिन	mandolin
मेट्रोनोम, गतिमापी	metronome
मैड्रिगल	madrigal
मोटेट	motet
मोनोकार्ड, एकतंत्री	monochord
यथापूर्व (निर्देश)	simile
यथेच्छ	ad libitum (=ad lib)
यथेच्छ (निर्देश)	piacere (=pleasure)
युगलबंदी, जुगलबंदी	duet (=duo)
योजक अंश	episode
रचना संख्या	opus number
रिकार्डर	recorder
रूप	form
रीड, पत्ती, कंपिका	reed
रूमानी (युग)	romantic (period)
रे (= ऋषभ)	re (=ray)
रेखांतर	space
रेखा स्वरलिपि	staff notation
रैप्सौडी	rhapsody
रोंडो	rondo
लघु-मेल	minor scale
लघु-संगीतिका, आपरेटा	operetta
लघु-संघात	minor chord
लय-खंड	bar
लय-खंड पाई	bar-line
लय-मंदन (निर्देश)	allargando
लय-वर्धन (निर्देश)	accelerando
लय-वापसी	a tempo
लय-विलास (निर्देश)	rubato
लय-वैषम्य	syncopation
लयांतर (निर्देश)	mosso
ला (=धैवत)	(la =h)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लायर	lyre
लिपि पठन	sight reading
लोकगीत	folk song
लोकनृत्य	folk-dance
लोरी	berceuse
ल्यूट	lute
वंदना	anthem
वर्जन, बिना (निर्देश)	senza
वर्धन	progression
वर्धित अंतराल	augmentation (interval)
वलि, खटका	turn
वस्तु-संगीत	programme music
वाचिका (निर्देश)	parlando (=parlante)
वाद्य, बाजा	instrument
वाद्यवृन्द	orchestra
वाद्य-वृन्दन	orchestration
वाम-चालन (चिह्न)	up bow
वायलिन, बेला	violin
वारंवारक	basso ostinato (=obstinate bass =ground bass)
वाल्ज	valse (waltz)
विकल्पक	ossia
विभाजन-संकेत	divisi
विमुख-संचार	contrary motion
वियोला-डा-गाम्बा	viola-da-gamba
विराम	pausa=rest
विलंबित, अडाज्यो	adagio
विलाप (निर्देश)	piangendo (=weeping)
विलाप-गीत, शोक-गीत	lament
विलोमन	inversion
विशुद्ध अंतराल	perfect interval
विश्राम	rest

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषम-घात	off beat
विस्तरण	variation (s)
विस्तृत पाठ	full score
विस्तृत मुक्ताय	plagal cadence
विस्तृत सहस्वरता	open harmony
विस्तृत स्वर-संघात	arpeggios
वैभवपूर्ण (निर्देश)	pomposo (=pompously)
शार्प, तीव्र	sharp
शास्त्रीय संगीत, क्लासिकी संगीत	classical music
शुद्ध	natural
शोक-गीत	elegy
श्रुति	microtones (=quarter tone)
षट्क, षड्वृन्द	sextet
षड्ज, ला	do (doh)
षड्बंध	sextolet (=sextuplet)
षड्वृन्द, षट्क	sextet
षष्ठ	sixth
षष्ठक	submediant (=super-dominant)
षाड़व ग्राम	hexa chord
षोड़शांश मात्रिक	semi-quaver
संकलित अनुनाद, यौगिक अनुनाद	summational tone
संकीर्तन	oratorio
संकुचित सह-स्वरता	closed harmony
संक्रमण	transition
संक्षिप्त पाठ, पियानो पाठ	short score (=piano part)
संगत, संगति	accompaniment
संगीत-विज्ञान	musicology
संगीत-सभा	concert
संगीतिका, आपेरा	opera
संबद्ध ग्राम	related keys

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संभाग	movement
संयुक्त पदिक	combination pedals (=composition pedals)
संयोजक अंश	bridge passage
संवर्धन (काल)	augmentation (time)
सप्तक	octave
समाधान	resolution
समानुपात	proportion
समापक चिह्न	code
समास-चिह्न,	slur
समूह	ensemble
सरगम अभ्यास	solfeggio
सरगम-गान	solmization
सरल (निर्देश)	semplice
सरल काल	simple time
सरल गीत	plain song
सरल सहचलन	organum
सहगान	chorus
सहचलन	counterpoint
सहज (निर्देश)	tranquillo
सह-बद्ध (चिह्न)	legato
सह-मधुरता, संवादिता, अनुरूपता	consonance
सहवर्ती स्वर	auxiliary note
सह-स्वरता	harmony
सा (=षड्ज)	do (=doh)
सापेक्ष तारता	relative pitch
सामान्य स्वर-संघात	common chord
सारिका, सुन्दरी, परदा	fret
सार्धकालिक स्वर	dotted note
सार्व (निर्देश)	tutti
सिंफनी	symphony
सीटी-वाली बांसुरी	fipple flute

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुंदरी, सारिका, परदा	fret
सुकुमार, एफेतुओसो	affettuoso
सुगम	comodo
सुरीलापन	intonation
सुवाह्य आर्गन, छोटा आर्गन	portative organ
सुषिर-वृन्द	wind band
सूत, मींड़	portamento; glissando
से, के साथ (निर्देश)	colla
सेक्सोफोन	saxophone
सोत्साह (निर्देश)	spiritoso
सोनाटा	sonata
स्तोत्र-गान	hymn
स्त्रीमंद्रक	1. contralto 2. alto
स्थाय	phrase
स्थाय अनुसरण	canon.
स्थाय-करण	phrasing
स्थिति	1. position 2. (क्रमस्थिति) degree
स्थिरीकरण (निर्देश)	sostenuto (=tenuto)
स्पिनेट	spinet
स्लाइड	slide
स्लाइड ट्रोमबान	slide trombone
स्वयंभू स्वर, अधिस्वरक	overtones
स्वर	note
स्वरक	tone
स्वर-पटल	key-board
स्वर-परिसर	gamut
स्वर-प्रास	register
स्वरलिपि, स्वरांकन	notation
स्वरलिपि रेखाएं	stave (=staff)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वर-संघात	choir
स्वर-संचार	motion
स्वर-स्थानांतरण	transposition
स्वरांकन, स्वरलिपि	notation
स्वरांतराल	tone
स्वरित्र द्विभुज	tuning fork
स्वाभाविक (निर्देश)	piacevole (=agreeable)
स्वेच्छा-रचना, फेंटेसिया	fantasia
स्वैच्छिका	cadenza
हार्मोनिका	harmonica
हार्मोनियम	harmonium
हार्न-(फ्रेंचहार्न)	horn (French horn)
हार्प	harp
हार्प-ल्यूट	harp lute
हार्पसी कार्ड	harpsi chord
ह्रासन	diminution
ह्रासित स्वरांतराल	diminished interval

MGIPF—360 Edu. & Cul./84—22-2-86—1100

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi